# देशबन्धु

वर्ष – 36 । अंक –132 । भोपाल, बुधवार, 14 मई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

मानवता शर्मसार : गोद में बेटे का शव रखे बस स्टैंड पर बिलखती रही मां — पृष्ठ 2
▸ मोदी का 'मध्यावधि स्वप्न' भंग हो गया ! ▸ क्रिकेट, कोहली और बाजार — पृष्ठ 4
▸ आपातकालीन तैयारियों की जांच के लिए जिला अस्पताल में की मॉकड्रिल — पृष्ठ 6
विमुक्त और घुमन्तु समुदाय की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें — पृष्ठ 8

आदमपुर एयरबेस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, जवानों का हौंसला बढ़ाया, कहा–

# हर आतंकी हमले का जवाब देंगे

**जालंधर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी हमले का जवाब देगा। निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा– विनाश और महाविनाश। प्रधानमंत्री मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे और उन्होंने वहां जवानों का हौंसला बढ़ाया। इस दौरान श्री मोदी ने अपने 28 मिनट के भाषण में कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी।'



श्री मोदी ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली एस–400 के समक्ष जवानों को संबोधित कर पाकिस्तान के उस झूठ का भी पर्दाफाश कर दिया, जिसमें इस प्रणाली को नष्ट करने का दावा किया गया था। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं के निरंतर भारत माता की जयघोष के नारों के बीच उनकी जमकर सराहना की और कहा कि उनकी वीरता और गौरव की कहानी ऑपरेशन सिंदूर की गूंज अब दुनिया भर में सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। उन्होंने कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन यदि मानवता पर हमला होता है, तो यह भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी जानता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य ■ शेष पृष्ठ 2 पर

## ट्रम्प के बयान पर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम घटना और उसके बाद की कार्रवाई पर सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन जरूर किया लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खतरनाक बयान पर चुप्पी साधकर सबको निराश किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम हमले के आतंकवादियों को करारा जवाब देने पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष हुआ जिसमें हमारी बहादुर सेना पाकिस्तान को बर्बाद कर रही थी लेकिन अचानक हुई सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा ने सबको चौंका दिया और आतंकवाद तथा आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान को कुचलने का ■ शेष पृष्ठ 2 पर

## सार-समाचार

### संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले में निर्णय सुरक्षित

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी होने पर दिया। हरि शंकर जैन व सात अन्य ने सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल की अदालत में एक मुकदमा किया है, जिसमें यह तर्क दिया गया है कि संभल के कोट पूर्वी स्थित जामा मस्जिद एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी।

### 70 देशों के राजनयिकों को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को आज यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डी एस राणा ने भारत–पाकिस्तान संबंधों में नए मानदंड स्थापित करने वाले ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में जानकारी दी।

### मनोज झा ने सीजफायर में अमेरिका की भूमिका पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता मनोज झा ने मंगलवार को भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर और इसमें तीसरे देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका पर सवाल उठाए। साथ ही संसद के विशेष सत्र बुलाने की मांग को दोहराया।

### दिल्ली एनसीआर में तेज हवा के साथ बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली–एनसीआर में मंगलवार दोपहर को अचानक मौसम बदला। कड़ी धूप के बाद बादल छाए और तेज हवा के साथ कई जगह बारिश हुई। इससे गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर पश्चिम दिल्ली समेत कई इलाकों और एनसीआर में हल्की से मध्यम बारिश, गरज और बिजली चमकने के साथ 40–60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार तेज हवा चलेगी।

### त्रिपुरा में बारिश, तूफान से हजारों लोग बेघर

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा में मानसून से पहले की बारिश, तूफान और तेज हवाओं ने पिछले दो दिनों में राज्य में कहर बरपाने से 1,000 से अधिक लोग बेघर हो गए और 1,835 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार राज्य के आठ जिलों में से पश्चिमी त्रिपुरा जिला सबसे बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। भारी बारिश और आंधी–तूफान के कारण पश्चिम जिले के मोहनपुर में 51 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए, 614 घरों का भारी नुकसान पहुंचा और 1145 घरों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है।

कश्मीर में बड़े पैमाने पर घेराबंदी अभियान शुरू

## शोपियां में लश्कर चीफ समेत 3 आतंकी ढेर

**जम्मू, देशबन्धु।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर–ए–तैयबा प्रमुख दो अन्य आतंकवादियों के साथ मारा गया। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिलने के बाद केल्लर के जंगलों में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। जैसे ही पुलिस और सेना की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया, छिपे हुए आतंकवादियों ने पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। और फिर गोलीबारी के दौरान लश्कर के तीन आतंकवादी मारे गए। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में लश्कर के आपरेशनल चीफ कमांडर शाहिद कुट्टे दो अन्य के साथ मारा गया है। सूत्रों ने बताया कि शोपियां के चोटीपोरा हीरपोरा का निवासी शाहिद मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक था, जो 8 मार्च, 2023 को आतंकी रैंकों में शामिल हुआ था और कई आतंकी मामलों में शामिल था। वह 8 अप्रैल, 2024 को डेनिश रिसार्ट पर गोलीबारी की घटना में शामिल था, जिसमें दो जर्मन पर्यटक और ड्राइवर घायल हो गए थे। वह बेगबाग कुलगाम में एक भाजपा सरपंच और टीए कर्मी की हत्या में भी शामिल था। दूसरे आतंकवादी की पहचान अदनान शफी डार पुत्र मोहम्मद शफी डार निवासी वंडुना मेलहोरा के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि तीसरे की पहचान की जा रही है। इससे पहले, शुकरू के जंगलों में सुरक्षा बलों को एक विशेष इनपुट मिलने के बाद वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई थी

### श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन बहाल

**श्रीनगर, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौता होने और क्षेत्रीय तनाव में कमी आने के बाद श्रीनगर हवाई अड्डे पर छह दिनों बाद मंगलवार को उड़ान संचालन बहाल हो गया। हवाई अड्डे को बंद करने के नोटिस वापस लिए जाने के बाद उड़ान संचालन फिर से शुरू हुआ। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली से पहली उड़ान दोपहर 1.30 बजे श्रीनगर पहुंची। श्रीनगर हवाई अड्डे के निदेशक जावेद अंजुम ने कहा कि हम आगमन और प्रस्थान दोनों मिलाकर कुल आठ उड़ानों का संचालन कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय ने किया साफ

## कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने मंगलवार को साफ किया कि जम्मू–कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत–पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे। विदेश मंत्रालय ने भारत–पाक के बीच सीजफायर की घोषणा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता और सीजफायर का श्रेय लेने के दावों को भी नकार दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच



उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। विदेश मंत्रालय ने ये भी बताया कि 10 मई को भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच बातचीत के बाद संघर्ष विराम पर ■ शेष पृष्ठ 2 पर

### पाक को करारा जवाब देना जरूरी था : प्रियंका चतुर्वेदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने पीएम नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन की सराहना की। उन्होंने दोहराया कि पूरा देश, विपक्षी नेता और सभी राजनीतिक पार्टियां सरकार के साथ खड़ी है। शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो स्पष्ट संदेश दिया है हम उसकी सराहना करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो बात कही थी उसको भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खारिज किया है। हम सभी देशवासी, विपक्ष के नेता एवं सभी राजनीतिक पार्टी इस समय पर भारत सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि सभी मानते हैं कि इस वक्त पाकिस्तान को करारा जवाब देना जरूरी था, चाहे वो ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से ही हो। अमेरिकी राष्ट्रपति ■ शेष पृष्ठ 2 पर

### मेरठ में प्रशिक्षण के दौरान सेना का ड्रोन लापता, जांच में जुटी सेना और पुलिस

**मेरठ, एजेंसी।** सिटी रेलवे स्टेशन के पास बीते सोमवार शाम सेना का एक ड्रोन रहस्यमयी परिस्थितियों में गायब हो गया. बताया गया कि प्रशिक्षण के उद्देश्य से ड्रोन उड़ाया जा रहा था. इसी दौरान ड्रोन की कनेक्टिविटी मॉनीटर से टूट गई और वह आसमान में कहीं गुम हो गया. इसके बाद सैन्य अधिकारियों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली. इसके बाद सेना की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है।

बताया जा रहा कि बीते सोमवार शाम को निगरानी एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य से सेना द्वारा कैंट एरिया में ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा था. इसी दौरान ड्रोन आसमान में कहीं लापता हो गया. ड्रोने की कनेक्टिविटी अचानक मॉनिटर से टूट गई थी. इसकी बारे में वहां मौजूद आर्मी स्टाफ को जानकारी हुई तत्काल उसकी खोजबीन करनी शुरू कर दी. काफी देर तक ड्रोन को खोजा गया, लेकिन वह नहीं मिला. ड्रोन का परीक्षण सिटी रेलवे स्टेशन के पास किया जा रहा था. मामले में रेलवे रोड थाने के नजदीक स्थित 622 ईएमई बटालियन के हवलदार मेजर तकनीशियन दीपक रॉय की तरफ से ड्रोन की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि ड्रोन गुम होने की तहरीर सेना के एक ऑफिसर की तरफ से दी गई है. जिसमें जानकारी दी गई है कि रोहटा रोड पर प्रशिक्षण और निगरानी के उद्देश्य से उड़ाया गया ड्रोन रेलवे लाइन की ■ शेष पृष्ठ 2 पर

## पंजाब में जहरीली शराब से 21 की मौत



- 9 लोगों की हालत है गंभीर
- डीएसपी, एसएचओ सस्पेंड
- अब तक 9 लोग गिरफ्तार
- 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब में अमृतसर जिले के मजीठा क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों की संख्या 21 हो गई है। जबकि, 9 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इनका अमृतसर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में भंगाली कलां, मराडी कलां, पातालपुरी, थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ने जहरीली शराब बेचने के आरोप में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि जहरीली शराब कहां से और कैसे आई? इसके अलावा मजीठा थाने के एसएचओ अवतार सिंह और डीएसपी अमोलक सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है।

वहीं, दोपहर को मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मजीठा पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। मान ने कहा है कि यह दुखदायी और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। जहरीली शराब पीने से अब तक 21 के करीब लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा– जिस गांव में हम खड़े हैं, 5–6 मौतें इसी गांव की हैं। ये मौतें नहीं, बल्कि मर्डर हैं। तरनतारन। शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने मंगलवार को मजीठा में जहरीली शराब से हुई मौतों की घटना को 'सरकारी हत्या' करार दिया और केन्द्र सरकार से घटना की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबाआई) से जांच करवाने की मांग की।

## सीबीएसई में लड़कियों ने फिर मारी बाजी



**10वीं में 95 प्रतिशत व 12वीं में 91 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए जिसमें क्रमशः 93.66 प्रतिशत और 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए है।

परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की दसवीं और बारहवीं– दोनों ही परीक्षाओं ने लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। बारहवीं में छात्राओं की सफलता दर 91 प्रतिशत रही जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। दसवीं की परीक्षा में उत्तीण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने दसवीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है।

मोहन मंत्रिपरिषद ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को दी मंजूरी

## जंगली हाथियों और मानव संघर्ष को रोकने ग्रामीणों को किया जाएगा प्रशिक्षित

- 47 करोड़ की कार्ययोजना मंजूर
- निवेश के लिए बेंगलुरू में मुख्यमंत्री का रोड शो आज



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में मानव–हाथी संघर्ष को कम करने और जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए सरकार ने 47 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर की है। इस काम के लिए दूसरे राज्यों में हाथियों के प्रबंधन की स्थिति का जायजा लेने के लिए अधिकारियों का दल जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया।

बैठक के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया को बताया कि मानव–हाथी के बीच के संघर्ष को रोकने के लिए 47 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है। इसके तहत ग्रामीणों को प्रशिक्षित करने, हाथियों को रेस्क्यु करने, रेपिड एक्शन टीम का गठन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में जानकारी दी गई कि बेंगलुरु में औद्योगिक निवेश को लेकर 14 मई को रोड शो होगा. साथ ही 20 मई को इंदौर के राजवाड़ा में कैबिनेट बैठक आयोजित की जा रही है। जबकि 16 मई को इंदौर में रीजनल ग्रोथ कॉन्क्लेव तथा मैनमेड टेक्निकल टेक्सटाइल एक्सपो का आयोजन मैरियट होटल में होगा। तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना के एम.ओ.यू के अवसर पर मध्यप्रदेश के दोनों ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर को महाराष्ट्र के ज्योतिर्लिंग त्र्यंबकेश्वर, भीमाशंकर और श्री घृष्णेश्वर से जोड़कर धार्मिक पर्यटन सर्किट विकसित करने का निर्णय लिया गया है।

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार द्वारा सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए साझा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि मध्यप्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य पूर्ण हो गया है. 9 लाख किसानों ने 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित कराया है. इसमें से अधिकांश किसानों को राशि का भुगतान कर दिया गया है।

### मोहन मंत्रिमंडल ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री को दी बधाई

भोपाल, देशबन्धु। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान के विरुद्ध संचालित ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि–परिषद की ओर से बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी, रक्षा मंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, भारतीय सेना और अर्ध सैनिक बलों के सभी जवानों को बधाई दी। तकनीक का उपयोग करते हुए, कम समय में तीव्र गति से की गई कार्रवाई से विश्व, भारत के बदलते दौर के नेतृत्व की क्षमता से परिचित हुआ है, यह सभी भारतवासियों के लिए सौभाग्य का विषय है।

आपदाओं के कारण लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी

## भारत में 54 लाख लोगों का हुआ विस्थापन

- पिछले 12 वर्षों में है सबसे बड़ा आंकड़ा
- बाढ़ की वजह से सबसे अधिक विस्थापन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में साल 2024 में बाढ़, तूफान और अन्य आपदाओं के कारण 54 लाख लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा, जो 12 वर्षों में सबसे बड़ा आंकड़ा है। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में हिंसा के कारण केवल 1,700 लोग विस्थापित हुए, जो 2023 की तुलन में कम हैं, जब मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू हुई थी। मणिपुर में घरों को जलाने सहित अन्य हिंसक घटनाओं के कारण 2024 में 1,000 लोगों को विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इसमें बताया गया है कि भारत में दो–तिहाई विस्थापन बाढ़ की वजह से हुए। जलवायु परिवर्तन, जंगलों की कटाई, मिट्टी का कटाव और बांध व तटबंधों की देखभाल की कमी को विस्थापन के बड़े कारण बताया गया है। असम में साल 2024 में 25 लाख लोगों का आंतरिक विस्थापन हुआ, जो कि पिछले एक दशक की सबसे खौफनाक बाढ़ का नतीजा था। तूफानों के कारण 16 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा। इसमें बड़े चक्रवात भी शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में चक्रवात 'रेमल' से 2.08 लाख लोग विस्थापित हुए। यह चक्रवात 24 मई 2024 को बंगाल की खाड़ी में बना था। जैसे ही रेमल उत्तर की ओर बढ़ा, इसने ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों को उफान पर ला दिया, जिससे असम में करीब 3.38 लाख लोग विस्थापित हुए। त्रिपुरा ने 2024 में पिछले 40 वर्षों की सबसे खराब मानसून बारिश झेली।

### चक्रवात की वजह 10 लाख लोगों ने छोड़े घर

चक्रवात 'दाना' अक्तूबर के अंत में बंगाल की खाड़ी में बना था, जिसने ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 10 लाख से ज्यादा लोगों को घर छोड़ने पर मजबूर किया। इनमें ज्यादातर लोग मौसम विभाग की चेतावनियों के बाद पहले ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिए गए थे। इसके तहत राज्य सरकारों ने स्कूल बंद किए, हजारों राहत शिविर बनाए गए और लाखों लोगों को स्थानांतरित किया गया।

भारी बारिश के कारण अगस्त के मध्य में 2,000 से ज्यादा जगहों पर भूस्खलन हुए, जिससे 3.15 लाख लोगों को अपनी जगह छोड़नी पड़ी। सड़कों के बंद हो जाने से राहत सामग्री पहुंचाने में भी परेशानी हुई।

# मानवता शर्मसार : गोद में बेटे का शव रखे बस स्टैंड पर बिलखती रही मां



**छतरपुर, देशबन्धु।** नौगांव के के बस स्टैंड पर मानवता को शर्मसार कर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं। दरअसल एक मां अपने बेटे के शव को गोद में लिए 2 घंटे भीषण गर्मी में बैठकर बिलखती रही। आंखों से बहते आंसू, गोद में बेजान पड़ा उसके जिगर का टुकड़ा और चेहरे पर बेबसी यह मंजर जिसने भी देखा, उसकी आंखें नम हो गईं। टीबी से पीड़ित बेटे का इलाज कराने चौहान अस्पताल आई थी, लेकिन इलाज से पहले ही बेटे की मौत हो गई। उत्तरप्रदेश फतेहपुर जिले के थाना पंचमपुर के जगदीशपुर गांव की 60 वर्षीय मीना पत्नी रामजीवन रैदास ने बताया वह अपने 40 वर्षीय पुत्र पप्पू रैदास का इलाज कराने डॉ. चौहान के अस्पताल सोमवार की देर शाम आई थी। तब डाक्टर साहब नहीं मिले, इस कारण रात भर रुकी रही। सुबह मंगलवार को डॉक्टर ने पर्चा बनाया और मेडिकल से दवा खरीदकर लाए तब कंपाउंडर ने देखा और इंजेक्शन लगाकर दवाई खिलाने को कहा, लेकिन मेरे बेटे की तबियत और खराब हो गई। तब रैफर के लिए कहा गया तो बेटे को लेकर बस स्टैंड पर आई, इसी दौरान उसकी मौत गई। बेबस मां के पास शव ले जाने के लिए पैसे नहीं थे, इस कारण बेटे का शव गोद रखे 2 घंटे बस स्टैंड पर बैठी रोती बिलखती रही।

## क्या डॉक्टरों की संवेदना सिर्फ फीस तक सीमित

डॉ. चौहान का कहना है कि महिला अपने बेटे को गंभीर हालत में लेकर एक घंटे पहले आई थी उसके फेफड़े खराब थे, उसे मेडिकल या कानपुर ले जाने को कहा था। फीस और दवा के पैसे भी वापस कर दिए गए, लेकिन सवाल ये नहीं है कि पैसे लौटाए गए या नहीं सवाल यह है कि क्या उसे इंसान समझा गया? फिर भी इस अंधेरे में एक उम्मीद थी इंसानियत की लेकिन वह मदद उस मां को डॉक्टर या सिस्टम से नहीं मिली वो आम लोगों से मिली। वहीं मृतक की मां ने आरोप लगाते हुए कहा कि सोमवार की शाम आ गई थी लेकिन डॉक्टर साहब नही मिले कंपाउंडर ने दवाई और इंजेक्शन लगा दिया और तबियत ज्यादा खराब होने पर कहा कि इसे बाहर दिखा लो तब घबराती हुए बेबस मां बेटे को लेकर बस स्टैंड पहुंची जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा बनाते हुए जांच शुरू कर दी है।

## मानवता की मदद के लिए बढ़े लोगों के हाथ

बेटे का शव गोद में रखे बिलखती मां को देखकर बस स्टैंड पर भीड़ एकत्र हो गई। यह दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो लोगो में इंसानियत जागी। वहां मौजूद लोगों ने चंदा जुटाया, करीब 5 हजार से अधिक रुपए जुटा लिए गए। तब कहीं जाकर बेबस मां अपने बेटे का अंतिम संस्कार करने अपने गांव लौट सकी। यह घटना न सिर्फ स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलती है, बल्कि समाज के उस इंसानी चेहरे को भी सामने लाती है, जो दुख की घड़ी में किसी अजनबी के लिए भी खड़ा हो जाता है।

# पूर्व कांग्रेस विधायक डग्गीराजा गिरफ्तार, न्यायालय ने दी जमानत

## यादव समाज को लेकर दिया था विवादित बयान

**भोपाल, देशबन्धु।** अशोकनगर जिले में चंदेरी से कांग्रेस के पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान उर्फ डग्गीराजा को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय ने उन्हें जमानत दे दी गई। श्री चौहान की गिरफ्तारी यादव समाज पर दिए गए विवादित बयान के बाद की गई थी।

पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के मुताबिक श्री चौहान के खिलाफ एक दिन पहले एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसके बाद सुबह से ही उनके घर के बाहर पुलिस तैनात थी। इस दौरान वह घर से मौका पाकर बाहर निकल गए। चंदेरी थाना प्रभारी मनीष जादौन अपनी टीम के साथ लगातार उनका पीछा कर रहे थे। आखिरकार उन्हें शिवपुरी जिले के बामोर कला थाना क्षेत्र के बरतूला गांव से पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उन्हें ग्वालियर ले गई और यहां एमपी एमएलए विशेष अदालत में पेश किया। श्री चौहान को न्यायालय ने जमानत पर रिहा कर दिया। उल्लेखनीय है कि मामला कुछ दिन पहले का है, जब एक कार्यक्रम के श्री चौहान ने धमकी भरे अंदाज में कहा था, मेरी एक गोली से 6-6 यादव मरेंगे। मैं तो सिंधिया से भी नहीं डरा।

उनकी इस बातचीत का वीडियो सामने आने के बाद यादव समाज में नाराजगी व्याप्त हो गई, जिसके बाद करीब 35 लोगों ने सोमवार को मामला दर्ज करवाया था। मामला दर्ज होने के अगले ही दिन गिरफ्तारी हुई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चंदेरी में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

**माफी मांगी बोले शब्द मेरे नहीं, बदनाम किया जा रहा:** यादव समाज के लोगों ने शिकायत आरोप लगाया है कि पूर्व विधायक का बयान यादव समाज के साथ-साथ लोधी और ठाकुर समाज के बीच भी तनाव पैदा कर सकता है। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद पूर्व विधायक ने वीडियो जारी कर यादव समाज से हाथ जोड़कर माफी मांग ली। उन्होंने कहा कि ये शब्द मेरे नहीं थे। मुझे वीडियो के माध्यम से बदनाम किया जा रहा है।

# सरकार किसी सर्कस से कम नहीं : जीतू पटवारी



**भोपाल, देशबन्धु ।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की मोहन यादव सरकार पर हर मामले में फेल होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यह सरकार सर्कस है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने मंगलवार को अपने आवास पर मीडिया से चर्चा करते हुए राज्य की मोहन यादव सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि यह सरकार किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं कर पा रही है और न ही बीते डेढ़ साल में ऐसा लगा है कि यह सरकार किसानों की समस्याओं के निपटारे के लिए कोई प्रयास करना चाहती है। यही हाल लाडली बहना योजना का है। चुनाव के समय लाडली बहनाओं को 3,000 रुपए प्रतिमाह दिए जाने का वादा किया गया था, मगर 1250 रुपए के बाद राशि में बढ़ोतरी नहीं हुई। कभी भी यह नहीं लगा कि सरकार पैसा बढ़ाने की कोशिश कर रही है। 3000 रुपए प्रतिमाह देने का जो वादा किया था, वह पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने आरोप लगाया है कि राज्य की सरकार किसी सर्कस से कम नहीं है।

नगरीय प्रशासन आयुक्त ने कार्यभार संभाला, बैठक में कहा-

# योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाए



**भोपाल, देशबन्धु।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत एस. भोंडवे ने कहा है कि प्रदेश में नगरीय निकायों की रेटिंग में ग्रीन स्पेस के लिये किये जा रहे प्रयासों को कुल मूल्यांकन का महत्वपूर्ण बिन्दु माना जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता बनाये रखने के लिये योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाये। आयुक्त श्री भोंडवे आज कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

आयुक्त श्री भोंडवे ने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन इस तरह से किया जाये कि इसका लाभ आम नागरिकों को सरल और सुलभ तरीके से मिल सके। आयुक्त ने ई-ऑफिस के प्रभावी संचालन के लिये आवश्यक तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शहरी योजनाओं पर केन्द्रित वर्तमान मुद्दों पर आधारित वर्चुअल बैठक अब हर 15 दिन में की जायेगी। बैठक में भारत ऐप का उपयोग किया जायेगा।

## दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए डिजी लॉकर का उपयोग

आयुक्त श्री भोंडवे ने कहा कि फायर प्रमाण-पत्र जैसे दस्तावेजों की सुरक्षा के लिये डिजी लॉकर के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाये। उन्होंने पालिका भवन का निरीक्षण किया और कार्यालय परिसर को सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाये रखने के निर्देश दिये। नगरीय विकास आयुक्त का पद सी.बी. चक्रवर्ती के स्थानांतरण के बाद रिक्त हुआ था।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री शाह के निर्देशों के परिपालन में की समीक्षा बैठक

# सिंगल विंडो सुविधा से सहकारी समितियों, निवेशकों और किसानों को मिलेगा त्वरित समाधान : सारंग



**भोपाल, देशबन्धु।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रदेश में सीपीपीपी मॉडल के अंतर्गत इन्वेस्टर्स समिट में हुए एमओयू के प्रभावी क्रियान्वयन और सुनियोजित मॉनिटरिंग के लिये एक विशेष सीपीपीपी विंग की स्थापना के निर्देश दिये। यह सीपीपीपी विंग निजी निवेशकों, सहकारी समितियों और किसानों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में कार्य करेगा। जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान मिलेगा।

मंत्री श्री सारंग ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देशों के परिपालन में मंगलवार को मंत्रालय में सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म निवेश संबंधी आवश्यक अनुमतियों, प्रक्रियाओं एवं मार्गदर्शन के लिए एक एकीकृत व्यवस्था उपलब्ध कराएगा। इसके अंतर्गत सहकारी बैंकों, समितियों, किसानों व निजी उद्यमियों के मध्य एमओयू की प्रक्रिया को सुलभ और पारदर्शी बनाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिये है कि सीपीपीपी विंग के लिए पृथक कार्यालय स्थापित किया जाए तथा इसके माध्यम से एमओयू की प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सीपीपीपी विंग की कार्य प्रणाली में भारतीय उद्योग परिसंघ और मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के साथ समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यह विंग केन्द्र एवं राज्य सरकार की सहकारी योजनाओं के साथ जुड़कर किसानों, नव उद्यमियों और सहकारी संस्थाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएगा। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सहकारी क्षेत्र में कच्चे माल का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। इसका उद्देश्य उत्पादन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना और किसानों को तकनीकी ज्ञान से सशक्त बनाना होगा। बैठक में प्रबंध संचालक विपणन संघ आलोक कुमार सिंह, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक मनोज पुष्प सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# किश्तवाड़ में बोतलों, डिब्बों में पेट्रोल, डीजल की बिक्री पर प्रतिबंध



**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में प्रशासन ने बोतलों और डिब्बों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। किश्तवाड़ के उपायुक्त (जिला मजिस्ट्रेट) राजेश कुमार शवन ने एक आदेश में कहा कि यह उनके संज्ञान में लाया गया है कि पेट्रोल पंप और ईंधन स्टेशन कथित तौर पर डिब्बों, बोतलों आदि में लोगों को पेट्रोल और डीजल बेच रहे हैं, जो आम जनता के जीवन और संपत्ति के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। जबकि, ऐसी प्रथाएं न केवल अवैध हैं, बल्कि आग लगने और गंभीर खतरा भी पैदा करती हैं और पेट्रोल पंपों से डिब्बों, बोतलों या किसी अन्य खुले कंटेनर में पेट्रोल और डीजल और अन्य ज्वलनशील पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने की जरूरत है। उन्होंने एक आदेश में कहा कि बीएनएसएस, 2023 की धारा 163 के तहत मुझे दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं जिला किश्तवाड़ के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में डिब्बे, बोतलों या किसी अन्य कंटेनर में पेट्रोल और डीजल और अन्य ज्वलनशील पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता हूं। उन्होंने कहा कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या फिर पेट्रोल पम्प मालिक के साथ कानून के संबंधित प्रावधान के तहत सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है और अगले आदेश तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, किश्तवाड़ को इस आदेश का अक्षरश: सख्ती से अनुपालन और प्रवर्तन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है। चूंकि नोटिस सभी संबंधितों को व्यक्तिगत रूप से नहीं दिया जा सकता है, इसलिए यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है।

# नीतीश के कार्यक्रम में जीविका दीदी ने किया हंगामा

**पटना/ भागलपुर,** देशबन्धु। भागलपुर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम में आईं जीविका दीदी ने भारी हंगामा मचाया। महिलाओं और जीविका दीदियों को उम्मीद थी की सीएम उनसे संवाद करेंगे लेकिन मुख्यमंत्री बिना संवाद किए ही वहा से निकल गए। जिसके बाद जीविका दीदियों ने हंगामा शुरू कर दिया। दरअसल, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को महिला संवाद यात्रा के तहत भागलपुर के नाथनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित मुखेरिया गांव पहुंचे थे। उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, महिलाएं और जीविका दीदी मौजूद थीं। महिलाओं को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री मंच से संवाद करेंगे और उनकी बात सुनेंगे लेकिन मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे बिना ही सिर्फ एक-दो स्टाल का निरीक्षण कर वहां से रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय नारायण चौधरी भी मौजूद थे लेकिन मंच से संवाद न होने पर महिलाओं में नाराज़गी देखी गई। मौके पर मौजूद महिलाओं ने हाथों में लिए आवेदन पत्र हवा में लहराना शुरू कर दिया और अपनी मांगों को लेकर हंगामा किया। इस पूरी घटना ने स्थानीय प्रशासन और आयोजन की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। महिलाओं का कहना है कि इतनी भीड़ के बावजूद मुख्यमंत्री ने जनता से संवाद नहीं किया जिससे वे निराश और दुखी हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**हर आतंकी हमले का....** अभियान नहीं था यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के विरूद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है यदि अब कोई आतंकी हमला होगा, तो भारत उसका पक्का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि एयर स्ट्राइक के समय सबने देखा है और आपरेशन सिंदूर अब भारत का न्यू नार्मल है। हमने तीन सूत्र तय कर दिए हैं। यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ तो हम अपने तरीके और शर्तों पर तथा अपने समय पर जवाब देंगे। दूसरा भारत न्यूकलियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा। भारत आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग अलग नहीं देखता और अब दुनिया भी भारत के इस नए रूप को देखते हुए आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय केवल उद्घोष नहीं है यह उन सैनिकों की कसक है जो मां भारती के लिए जान की बाजी लगा देती है, यह उस हर नागरिक की आवाज है जो देश के लिए कुछ करना चाहता है। यह मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी। उन्होंने कहा कि जब हमारे वीर जय बोलते हैं, तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब फौज न्यूकलियर ब्लैकमेल की हवा निकाल देती है और भारत के ड्रोन तथा मिसाइल सनसनाती हुई दुश्मन के यहां जाती हैं तो दुश्मन को भी सुनाई देता है भारत माता की जय। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है।उन्होंने कहा कि यह बुद्ध की भी धरती है और गुरू गोविंद सिंह की भी धरती है। धर्म की स्थापना के लिए सशस्त्र उठाना हमारी परंपरा है जब हमारी बहनों का सिंदूर छीना गया तो हमारी सेनाओं ने आतंकियों को उनके घर में घुसकर कुचलकर दिया। जो कायरों की तरह छिपकर आये थे लेकिन वे भूल गये कि उन्होंने जिसे ललकारा वह हिन्द की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा है। उन्होंने कहा कि सौ से अधिक आतंकवादियों की मौत से आतंकवाद के आकाओं को समझ में आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का अंजाम तबाही होगा। उन्होंने वायु यौद्धाओं की सराहना करते हुए कहा कि जब-जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, भारत के इतिहास की चर्चा होगी तो आपके अध्याय की भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वह वीरों की इस धरती से वायु सेना, नौसेना , सेना और बीएसएफ के वीरों को सलाम करता हूं।

**ट्रम्प के बयान पर जवाब....** स्वर्णिम अवसर हमारे हाथ से निकल गया। हमारे पास पाकिस्तान के आतंकवाद को हमेशा के लिए नेस्तनाबूद करने का यह एक स्वर्णिम मौका था। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की और बाद में कहा कि भारत और पाकिस्तान को व्यापार का हवाला देते हुए उन्होंने सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार किया। अब देश समझ नहीं पा रहा है कि इसे गोपनीय क्यों रखा गया जबकि हमारी सेना ने बहुत अच्छा काम कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और पूरी दुनिया में इसकी तारीफ हुई। पहलगाम घटना से देश के हर परिवार में दुख था और ऐसे में सेना ने हमला कर घटना से जुड़े 100 आतंकवादियों को मार दिया। कांग्रेस नेता ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अस्थायी रूप से स्थगित करने के प्रधानमंत्री के बयान पर सवाल किया और कहा कि पहले कभी नहीं सुना कि सैन्य कार्रवाई कभी अस्थाई रूप से रोकी जाती है। अगर 'ऑपरेशन सिंदूर' अमेरिका के दबाव में स्थगित किया गया है तो ये बातें साफ होनी चाहिए।

**कश्मीर पर तीसरे पक्ष....** सहमति बनी थी। पाकिस्तान की ओर से इस बातचीत के लिए अनुरोध उसी दिन किया गया था। भारत ने साफ किया कि ये पाकिस्तान की मजबूरी थी, क्योंकि उसी दिन सुबह भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के प्रमुख एयरफोर्स के ठिकानों पर अत्यधिक हमले किए थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये भारतीय सेना की ताकत थी, जिसने पाकिस्तान को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए मजबूर कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर में कई जगहों को पाकिस्तान में नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान ने भारतीय सेना की क्षमता देखी। पाकिस्तान के प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचा। हमारा टारगेट आतंकी इन्फ्रास्ट्रक्चर थे। 9 मई की रात पाकिस्तान का हमला हमने फेल किया। वहां के एयरबेस ध्वस्त होने के बाद पाकिस्तान ने डीजीएमओ लेवल की बातचीत की पेशकश की। पाकिस्तान में हुए हमले की सैटेलाइट पिक्चर मौजूद हैं। ये आपके हर सवाल का जवाब देंगी। पाकिस्तान ने हर जंग हारने के बाद ढोल बजाया है। यह उनकी पुरानी आदत है।

**पाक को करारा जवाब देना....** डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपीय यूनियन को याद दिलाना चाहूंगी कि वे सभी आंतकवाद के शिकार हुए हैं और सभी की जड़ पाकिस्तान है। हमारी सेना ने जो किया है, पूरी दुनिया को उसका धन्यवाद देना चाहिए। हम उस समय तक जवाबी कार्रवाई करते रहेंगे, जब तक वे अपनी गंदी आतंकी निगाहों से हमारे देश की तरफ देखते रहेंगे। सीजफायर के बावजूद पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन भेजे जाने पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने निशाना साधा।

रिपोर्ट | संघर्ष विराम के बाद नया खुलासा

# भारत के खिलाफ साइबर जंग की नई चाल



**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ बड़े साइबर अटैक की साजिश रची जा रही है. इसका खुलासा Roar of Sindoor रिपोर्ट से हुआ है. साजिश के तहत तकनीकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के साथ ही देश में गलत जानकारी और फेक नैरेटिव फैलाकर सामाजिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की जा रही है. इस रिपोर्ट को पहलगाम हमले के बाद जारी किया गया है, जिसने पहले ही भारत को कई महत्वपूर्ण साइबर हमलों से बचाने में भूमिका निभाई थी. नई रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत पर साइबर हमले करने वाले समूहों की पहचान की जा चुकी है, जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और मिडिल ईस्ट के कई खतरनाक हैकर ग्रुप्स शामिल हैं.

**अब तक 1.5 मिलियन अटैक, 150 सफल प्रयास**-रिपोर्ट के मुताबिक, इन ग्रुप्स द्वारा अब तक भारत पर 1.5 मिलियन से अधिक साइबर अटैक किए जा चुके हैं, जिनमें से 150 हमले सफल माने जा रहे हैं. यह हमले मुख्यत: भारत के रक्षा प्रतिष्ठानों, ऊर्जा सेक्टर, और महत्वपूर्ण डाटा इन्नफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित रहे हैं.

**साइबर हमलों के साथ चल रहा है हाइब्रिड वॉर**-रिपोर्ट में इस खतरे को केवल तकनीकी तक सीमित नहीं बताया गया है. बल्कि इसे एक हाइब्रिड वॉर का हिस्सा माना गया है. इस युद्ध का एक बड़ा पहलू मिस इन्फॉर्मेशन वॉर यानी फर्जी और भ्रामक जानकारी फैलाना है. इसका मकसद जनता में भ्रम, भय और अविश्वास फैलाना है.

**देश के भीतर सक्रिय हो सकते हैं स्लीपर सेल**-रिपोर्ट में यह भी आशंका जताई गई है कि भारत के भीतर स्लीपर सेल्स सक्रिय हो सकते हैं, जो इन साइबर और सूचना हमलों में सहयोग कर रहे हैं. हालांकि उनकी पहचान अब तक सामने नहीं आई है लेकिन खुफिया एजेंसियां इस दिशा में सतर्क हो गई हैं.

**5000 से अधिक मिस इन्फॉर्मेशन कैंपेन**-अब तक सामने आए आंकड़ों के अनुसार, 5000 से अधिक फर्जी प्रचार अभियानों को भारत के खिलाफ चलाया गया है. इनमें से कुछ बड़े दावे शामिल हैं जैसे

**ब्रह्मोस मिसाइल केंद्र पर हमले की अफवाह**-इनमें से 83 अभियानों को निष्क्रिय कराने की कोशिश की गई. अब तक 38 कैंपेन को सफलतापूर्वक हटाया भी जा चुका है.

स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए विशेष प्रशिक्षण हो रहा आयोजित

# युद्ध के माहौल के बावजूद अमरनाथ यात्रा की तैयारियां जारी

## 150 डाक्टरों को प्रशिक्षित किया

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** माना कि आप्रेशन सिंदूर के बाद देश पाकिस्तान के साथ एक और जंग के मुहाने पर खड़ा है पर बावजूद इसके इस बार की अमरनाथ यात्रा की तैयारियां जोरो पर हैं। इसके तहत आगामी श्री अमरनाथजी यात्रा 2025 की तैयारियों के तहत, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय कश्मीर वर्तमान में वार्षिक यात्रा के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रहा है। इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को उच्च ऊंचाई वाली तीर्थयात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली चिकित्सा आपात स्थितियों और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है, जो कठिन इलाकों और चरम मौसम की स्थिति में होती है।

जानकारी के लिए हर साल, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, कश्मीर (डीएचएसके), 52-दिवसीय यात्रा के लिए व्यापक चिकित्सा तैयारियों को प्राथमिकता देता है, जो 3 जुलाई में शुरू होने वाली है। विभाग पिछली यात्राओं के दौरान देखी गई मृत्यु दर और रुग्णता को कम करने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है। क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान (आरआईएचएफडब्ल्यू) धोबीवान के प्रिंसिपल डा मोहम्मद इकबाल भट ने पत्रकारों को बताया कि लगभग 50 प्रतिशत स्वास्थ्य पेशेवरों का प्रशिक्षण पहले ही पूरा हो चुका है। वे कहते थे कि हमने अब तक लगभग 150 डाक्टरों को प्रशिक्षित किया है, और अगला चरण पैरामेडिकल स्टाफ पर केंद्रित होगा।

उनका कहना था कि यात्रा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए हर साल डाक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स और सहायक कर्मचारियों सहित 1,000 से अधिक स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण सत्र बैचों में आयोजित किए जाते हैं और विभाग के भीतर से ही अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किए जाते हैं।

# बस हादसे की जांच से बचने पिछली तारीख में बनवाया विक्रय पत्र

## स्कूल सोसाइटी के सचिव समेत 2 गिरफ्तार

**भोपाल,देशबन्धु।** बाणगंगा चौराहे पर सोमवार को हुए बस हादसे के बाद इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की सोसाइटी ने कार्रवाई से बचने के लिए फर्जीवाड़े किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि स्कूल बस हादसे के बाद पहले की तारीख में बस का विक्रय शपथ पत्र बनवाया, ताकि जिम्मेदारी से बचा जा सके। पुलिस ने इस गंभीर मामले में 2 लोगों पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

टीटी नगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने बताया कि इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (आईपीएस) की बस से हुए हादसे के बाद जब जांच शुरू हुई तो दस्तावेज खंगाले गए। इस दौरान पाया गया कि दुर्घटना के तुरंत बाद, हादसे के चंद दिनों पहले की तारीख में बस का विक्रय पत्र तैयार करवाया गया। इसमें प्रवेश नागर को क्रेता और प्रदीप पांडे को विक्रेता दर्शाया गया है। पुलिस ने इसे दस्तावेजी फर्जीवाड़ा मानते हुए दोनों पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि आईपीएस स्कूल का संचालन श्री रामनंदा एजुकेशन सोसाइटी करती है। सोसाइटी में 8 सदस्य हैं। पुलिस सभी की भूमिका की जांच कर रही है। मामले में सोसाइटी के सचिव प्रदीप पांडेय सहित प्रवेश नागर की गिरफ्तारी कर ली गई है। हादसे का मुख्य आरोपी बस चालक विशाल बैरागी फरार है। उसके पास भारी वाहन चलाने का लाईसेंस नहीं होने के बावजूद उसे बस चलाने को दी गई थी।

उल्लेखनीय है कि इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की बस ने सोमवार को बाणगंगा चौराहे पर लाल बत्ती पर खड़ी आठ गाड़ियों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में स्कूटी सवार बीएएमएस प्रशिक्षु चिकित्सक आयशा खान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं छह अन्य लोग घायल हुए, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

## फिर हादसे के बाद चैकिंग अभियान शुरू, 4 बसें जब्त




उधर हर बार किसी हादसे के बाद हरकत में आने वाली यातायात पुलिस इस भी सोमवार को हुए हादसे के बाद मंगलवार को हरकत में आई और स्कूली बसों की जांच शुरु की। नगरीय यातायात पुलिस द्वारा मंगलवार को शहर के पुलिस उपायुक्त (यातायात) संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बोर्ड ऑफिस, गणेश मंदिर, पॉलिटेक्निक, रायसेन रोड, भदभदा, वीआईपी रोड समेत प्रमुख 19 स्थानों पर स्कूल, कॉलेज बस के विरूद्ध विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 410 बसों की जांच की गई। इनमें से 126 बसें मोटर व्हीकल एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाई गईं। इन पर मौके पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान 4 ऐसी बसें मिलीं जिनका फिटनेस प्रमाण पत्र समाप्त हो चुका था। लिहाजा इन बसों को तत्काल जब्त किया गया। यातायात पुलिस के मुताबिक उक्त कार्यवाही अभियान 31 मई तक निरंतर जारी रहेगी।

## स्कूल बस दुर्घटना प्रशासन की अक्षम्य लापरवाही: माकपा

**भोपाल,देशबन्धु।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का कहना है कि बाणगंगा चौराहे में हुई स्कूल बस दुर्घटना जिला प्रशासन, पुलिस व परिवहन विभाग की अक्षम्य लापरवाही का परिणाम है। माकपा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, राजधानी में तेज रफ्तार से चल रही बसें, खासकर नामी गिरामी स्कूलों व निजी कॉलेजों की तमाम बसें बगैर परमिट व फिटनेस के चलाई जा रही है। पर जिला प्रशासन, पुलिस व परिवहन विभाग आँख मूँदे बैठी रही। आज जब हादसा हुआ तो उनकी नींद खुली। आनन- फानन जांच, निलंबन और एफआईआर आदि का दिखावा किया जा रहा है। माकपा ने कहा है कि पुलिस हेलमेट और सीट बेल्ट के बहाने चौथ वसूली में मगन है, पर बसों की परमिट और फिटनेस जाँचने के लिए उनके पास समय नहीं है। माकपा ने मांग की है कि इस हादसे के लिए जिम्मेदार परिवहन अधिकारी, पुलिस व स्कूल प्रशासन पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उन्हे दृष्टांत मूलक सजा दी जाए। साथ ही सभी बड़े वाहनों की जांच उपरांत गलत फिटनेस जैसी त्रुटि पाए जाने पर दोषियों को सजा दी जाए। पार्टी ने यह भी मांग की है कि मृतका के परिवार को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए तथा घायलों का पूरा इलाज शासन द्वारा किया जाए।

## *भोपाल सहित 14 जिलों में बारिश के आसार*

***भोपाल, देशबन्धु।*** *मध्य प्रदेश में अरब सागर से आ रही नमी ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। दिन में तीखी धूप और उमस लोगों को परेशान कर रही है, जबकि दोपहर बाद बादल छाने और कहीं छिटपुट तो कहीं जोरदार बारिश हो रही है। मौसम वैज्ञानिक अजय शुक्ला के अनुसार वर्तमान में तीन मौसमी सिस्टम सक्रिय हैं। इनमें अरब सागर से सौराष्ट्र तक एक द्रोणिका, पूर्वी उत्तर प्रदेश में हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात और विदर्भ से केरल तक एक और द्रोणिका बनी हुई है। इनके कारण भारी मात्रा में नमी प्रदेश में पहुंच रही है, जिससे बारिश और उमस बढ़ रही है। मंगलवार को राजधानी भोपाल सहित धार, इंदौर, रतलाम समेत कई जिलों में छिटपुट बारिश दर्ज की गई। वहीं सबसे अधिक 33 मिमी बारिश मलाजखंड में हुई। इसके बावजूद, दिन में तीखी धूप के कारण गुना, ग्वालियर, खजुराहो, मंडला, नरसिंगपुर, नौगांव, रीवा, सतना, सीधी, टीकमगढ़ और उमरिया में भीषण गर्मी और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। राजधानी भोपाल में अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस , न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस, इंदौर में अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस, ग्वालियर में अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस , न्यूनतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस, जबलपुर में अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान भोपाल और नर्मदापुरम संभाग समेत बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, देवास, शाजापुर, आगर मालवा, मंदसौर, नीमच, भींड, मुरैना समेत कई जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है।*

# *मैनिट करेगा भोपाल का जीआईएस सर्वे*

## पता करेगा कि किन इलाकों में पड़ती है ज्यादा गर्मी, कहां भराता है पानी



**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल में जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित गरीब और कमजोर तबकों की समस्याओं को समझने के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) ने एक खास शोध योजना शुरु की है। इसके तहत पहली बार जियोग्राफी इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) एप के माध्यम से सर्वे किया जाएगा। जिसमें स्थानीय समुदाय की भागीदारी के साथ ज्यादा गर्मी और बाढ़ जैसी जलवायु आपदाओं की संवेदनशीलता का आकलन किया जाएगा।

इस योजना का पहला चरण आज से शुरु हुआ, जो 16 मई तक चलेगा। इस दौरान ज्यादा गर्मी से प्रभावित इलाकों की पहचान की जाएगी। सर्वे के दौरान यह देखा जाएगा कि भोपाल के किन हिस्सों में गर्मी का असर ज्यादा होता है, जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र, झुग्गी बस्तियां, जहां ठंडक की सुविधाएं न के बराबर हैं। इसके बाद दूसरे चरण में सितंबर में उन इलाकों का सर्वे होगा जहां बरसात के दौरान जलजमाव होता है, नाले उफान पर आ जाते हैं या बस्तियों में पानी भर जाता है। यह प्रक्रिया कमजोर तबकों को सुरक्षित करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। वहीं योजना का तीसरा और अंतिम चरण नवंबर में आयोजित होगा, जिसमें स्थानीय निकायों, नगर निगम और नीति निर्धारकों के साथ निष्कर्ष साझा किए जाएंगे। इसके आधार पर शहर के लिए अत्याधिक गर्मी से बचाव, बाढ़ नियंत्रण उपाय और शहरी डिजाइन नीति बनाने में मदद मिलेगी।

योजना का संचालन डॉ. सुरभि मेहरोत्रा, डॉ. प्रेमजीत दास गुप्ता और डॉ. अर्शी पराशर द्वारा किया जा रहा है। डॉ. मेहरोत्रा ने कहा कि यह पहल नीचे से ऊपर की नीति निर्माण प्रक्रिया का उदाहरण है, जिसमें समस्या का हल समुदाय की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया को एप आधारित बनाया है ताकि नागरिक भी इसमें भाग ले सकें। खुले संवाद के जरिए विशेषज्ञों, स्थानीय प्रतिनिधियों और आम लोगों की जानकारी को रिकॉर्ड किया जाएगा। इससे यह तय किया जा सकेगा कि किन इलाकों में किस तरह की जलवायु आपदा का ज्यादा खतरा है और वहां किस तरह के अनुकूलन उपाय किए जा सकते हैं।

# फिजा कॉलोनी में मकान-दुकानें तोड़ने के विरोध में सड़क पर उतरे लोग



**भोपाल,देशबन्धु।** नारियलखेड़ा स्थित फिजा कॉलोनी में मंगलवार को प्रशासन की टीम मकान-दुकानें तोड़ने पहुंची। इस कार्रवाई को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विरोध में लोग सड़क पर उतर आए। लोगों का कहना है कि उन्हें उच्च न्यायालय का स्थगन प्राप्त है। इसके बावजूद कार्रवाई क्यों की जा रही है?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फिजा कॉलोनी में करीब 40 साल पहले बिल्डर ने परिवारों को प्लाट बेच दिए थे। जहां 15 से 20 मकान और दुकानें बन गई। इसी बीच कुछ साल पहले एक महिला ने अदालत में याचिका दायर की और जमीन की नपती में हेरफेर होने की बात कही। इस मामले में सुनवाई के बाद फैसला उसके पक्ष में आया। इसके बाद यहां के रहवासी उच्च न्यायालय पहुंच गए और याचिका दाखिल की थी। रहवासियों का कहना था कि हम लोग 40 साल से यहां रह रहे हैं। चार-पांच साल से यह विवाद है। उन्होंने समझौते के लिए समय चाहा गया। इस पर उन्हें उच्च न्यायालय से 16 जून तक के लिए स्थगन मिला था। बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय के नेतृत्व में नगर निगम, तीन थाने की पुलिस मंगलवार दोपहर में मौके पर पहुंची और कार्रवाई करने लगी। रहवासियों ने अफसरों को उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश भी दिखाया। बावजूद कार्रवाई जारी रही और करीब 4 दुकानें तोड़ दी गई। हालांकि, मामले को तूल पकड़ते देख अफसरों ने स्थगन अनुसार, आगे कार्रवाई करने की बात कही।

## अर्जुन नगर में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

इधर, बिजली कंपनी की टीम दोपहर में अर्जुन नगर में टीम स्मार्ट बिजली मीटर लगाने पहुंची थी, लेकिन स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के विरोध में महिलाएं सड़क पर उतर गईं। उन्होंने मनमाने बिल आने के आदेश होने पर विरोध किया। इसके बाद बिजली कंपनी ने कॉलोनी की बिजली काट दी। अफसरों का कहना था कि स्मार्ट मीटर लगाने का नियम है। इस पर महिलाओं ने नियम की प्रतिलिपि मांगी। लेकिन टीम वापस लौट गई। रहवासी आरती शर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटर बिजली के दामों में और ज्यादा वृद्धि करेंगे। इसलिए मंगलवार को प्रदर्शन किया गया। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि बस्ती की बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो बिजली कंपनी के ऑफिस में प्रदर्शन करेंगे।



# एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा एलएन यूनिवर्स का आयोजन

**भोपाल,देशबन्धु।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय के सभी विभागों के मध्य इनडोर एवं आउटडोर खेलों कैरम, शतरंज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, फूटसल, खो खो, रस्साकसी, वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था आज इसके पुरस्कार वितरण समारोह में कुलगुरु प्रो एन के थापक,डॉ ए के सिंघई,ड्रा अनु श्रीवास्तव,डॉ अनुष्का नायक, डॉ जितेंद्र शर्मा,पंकज कुमार जैन, डॉ वी एस पवार ने खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए। प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन ने 35 अंकों के साथ ओवर आल प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 32 अंकों के साथ एल एन आयुर्वेद दूसरे ओर 26 अंकों के साथ स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज तीसरे स्थान पर रहा । प्रतियोगिताओं में क्रिकेट पुरुष वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज ने स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन को 9 विकेट से हराकर खिताब हासिल किया। इसी तरह वॉलीबॉल पुरुष वर्ग मे स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एवं स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। वहीं कैरम पुरुष वर्ग में विजेता एशु जैन (एलएन आयुर्वेद) उपविजेता सार्थक, (स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज), शतरंज पुरुष वर्ग में विजेता चिराग दुबे (स्कूल ऑफ फार्मेसी), उपविजेता सार्थक ( स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज ), बैडमिंटन पुरुष वर्ग में विजेता पवन शर्मा, हर्षित जैन, नीरज (स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन), उपविजेता एशु जैन, वैभव, योगेश परमार, (एलएन आयुर्वेद), टेबल टेनिस पुरुष वर्ग में विजेता डॉ. गौरव सिंह, डॉ. योगेश, एंव डॉ. अभिषेक सिंह (एलएन आयुर्वेद), उपविजेता नरेंद्र सिंह, कृष्णकांत पटेल एंव राज सोनी, (स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन), फुटसल पुरुष वर्ग में विजेता स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन, उपविजेता स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट, खो-खो पुरुष वर्ग में विजेता स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन, उपविजेता स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, रस्साकशी पुरुष वर्ग मे विजेता स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, उपविजेता जेके पैरामेडिकल, कैरम महिला वर्ग में विजेता सुश्री प्रांजल (एलएन आयुर्वेद), उपविजेता सुश्री अनुष्का ( स्कूल ऑफ फार्मेसी), शतरंज महिला वर्ग में विजेता सुश्री उर्जा रानांगडेल (एलएन आयुर्वेद), उपविजेता सुश्री खुशबू (एलएन पैरामेडिकल), टेबल टेनिस महिला वर्ग में विजेता रेणु, कशिश, सोनाली (स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन), उपविजेता रोशनी,रक्षा (स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज), बैडमिंटन महिला वर्ग में विजेता देविका, वंशिका आस्था (जेके पैरामेडिकल), उपविजेता मुस्कान, अनुश्री, निशी (एलएन आयुवेद), खो-खो महिला वर्ग में विजेता स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन, उपविजेता एलएन आयुर्वेद , रस्साकशी महिला वर्ग में विजेता एलएन पैरामेडिकल, उपविजेता एलएन आयुर्वेद।

## पीटीआई के वरिष्ठ पत्रकार अनिल दुबे का निधन



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार अनिल दुबे का 54 वर्ष की आयु में मंगलवार शाम आकस्मिक निधन हो गया। श्री दुबे को सीने में दर्द की शिकायत के बाद एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके चार इमली भोपाल स्थित निज निवास से बुधवार 14 मई को सुबह 9 बजे भदभदा विश्राम घाट के लिए निकाली जाएगी। अनिल दुबे अपने पीछे पत्नी और एक बेटी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वर्तमान में श्री दुबे पीटीआई में कार्यरत थे। वह हिंदुस्तान और दैनिक भास्कर सहित कई प्रमुख समाचार पत्रों में कार्य कर चुके थे और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान रहा। ज्ञात हो कि अनिल दुबे के बड़े भाई श्यामाकांत दुबे का भी एक साल पहले हार्ट अटैक से निधन हो गया था। वे दैनिक अमर उजाला में कार्यरत थे। श्री दुबे के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा, कि प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के वरिष्ठ संवाददाता अनिल दुबे जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने जनहित के मुद्दों पर पत्रकारिता के मूल्यों को सदैव प्राथमिकता दी। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट कर अपनी संवेदना व्यक्त की। कमलनाथ ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार अनिल दुबे के असामयिक निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि अनिल दुबे के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नें एक्स पर एक पोस्ट कर श्री दुबे के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि श्री दुबे के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ! कलम के जरिए पत्रकारिता को प्रतिष्ठा दिलवाने वाले मेरे निजी मित्र का बिछोह, मेरी व्यक्तिगत क्षति है!

**न्यायालय तहसीलदार नजूल शहर वृत्त भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 0090/अ-06/2025-26

**सार्वजनिक इश्तेहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगवान दास गुप्ता, आवेदक महेन्द्र कुमार गुप्ता, आवेदक शैलेन्द्र गुप्ता, आवेदक नरेन्द्र गुप्ता आत्मज स्व. श्री अवधनारायण गुप्ता निवासी- मिनाल रेसीडेन्सी भोपाल द्वारा एक किता भूखण्ड क्रमांक 24 कुल क्षेत्रफल 2550 वर्गफिट जो राजदेव कॉलोनी भोपाल में स्थित है जिसका खसरा क्रमांक 268, 337, 338, 339, 340, 341 में स्थित का नामांतरण किये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है ।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इश्तेहार जारी होने के 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है । आज दिनांक 07.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**नजूल शहर वृत्त भोपाल म.प्र.**

**न्यायालय तहसीलदार राजधानी परियोजना टी.टी.नगर वृत्त जिला भोपाल म.प्र.**

(शेड नं. 6 बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल)

प्रकरण क्रमांक 0048/अ-06/2025-26

**इश्तेहार**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पुरूषोत्तम सप्रे आत्मज स्व. श्री श्रीधर सप्रे निवासी- 69 अमलतास फेस-2, चूना भट्टी कोलार रोड भोपाल म.प्र. द्वारा ग्राम चूना भट्टी स्थित भूखण्ड क्रमांक 69 अमलतास फेस-2 क्षेत्रफल 2400 वर्गफिट का रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में इश्तेहार जारी होने के 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा । उक्त उद्घोषणा आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना भोपाल म.प्र.**

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

**भोपाल,देशबन्धु।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 110 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम भूपेन्द्र गोयल, प्रकाश नायक, अंकुर मेश्राम, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## बाबा हरदेव सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित

भोपाल,देशबन्धु। संत निरंकारी मिशन द्वारा समर्पण दिवस के अवसर पर बाबा हरदेव सिंह की पुण्य स्मृति में वर्चुअल संत समागम का आयोजन किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा के दिव्य सान्निध्य में आयोजित इस समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन सहभागिता की। भोपाल जोन की सभी ब्रांचों में समर्पण दिवस मनाया गया। बैरागढ़ ब्रांच में भोपाल जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा की हुजूरी में सत्संग संपन्न हुआ। इस दौरान बैरागढ़ ब्रांच संयोजक महात्मा महेश वीधानी सहित सेवा दल के भाई-बहन और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। श्रद्धालुओं ने विचार, गीत, कविता और भजनों के माध्यम से बाबा जी की करुणा, प्रेम और समर्पण की गूंज को जीवंत किया। समर्पण दिवस के अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा ने वर्चुअल सत्संग में कहा कि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह का जीवन हर क्षण प्रेम, त्याग, सेवा और शिक्षाओं से परिपूर्ण था।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, वृत्त-2,तहसील हुजूर जिला-भोपाल**

प्र.क्रं. 0698/अ-6/2025-26 दिनांक 28.04.2025

ग्राम-पिपलिया जाहिरपीर प.ह.नं. 35

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती आशा सेन पत्नि श्री विनोद सेन निवासी- मकान नं. 1/8 बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी कैंपस भोपाल म.प्र. ने म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 3/1495 दिनांक 31.08.2013 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमांक 624/2/1 के अंशभाग में से रकबा 600 वर्गफिट भूमि स्थित ग्राम पिपलिया जाहिरपीर प.ह.नं. 35 तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेख में नाम स्वीकृत हेतु अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए है । जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है ।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 16.02.2024 नियत है ।

उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुदा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09.05.2025 को जारी किया गया है ।


**तहसीलदार**
**तहसील हुजूर भोपाल म.प्र.**

## भारत भवन में फिल्म समारोह का शुभारंभ आज

**भोपाल,देशबन्धु।** भारत भवन में बुधवार, 14 मई से एकाग्र फिल्म समारोह का शुभारंभ होगा। 18 मई तक चलने वाले इस फिल्म समारोह में महान फिल्मकार, अभिनेता और निर्देशक मनोज कुमार पर केंद्रित फिल्मों का प्रदर्शन होगा। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि छवि प्रभाग की ओर से आयोजित इस फिल्म समारोह के पहले दिन मनोज कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म रोटी कपड़ा और मकान का प्रदर्शन होगा। समारोह शाम 6.30 बजे से शुरू होगा जिसमें प्रवेश नि:शुल्क है।

## बारहमासी नदी में बदलने विधायक ने की पदयात्रा

**बैरसिया, देशबन्धु।** विधायक विष्णु खत्री द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को वाह्य नदी के उद्गम स्थल का भूमि पूजन किया एवं वाह्य नदी को बारहमासी नदी में बदलने के लिए पदयात्रा शुरू की। विधायक श्री खत्री ने वाह्य नदी के तट पर पदयात्रा कर, वाह्य नदी उद्गम स्थल ग्राम पीपलखेडा, कलारा, करोंदिया, मनीखेडी (गुनगा), गुनगा, उनीदा, कुटकीपुरा, ग्राम रोंडिया-जाफराबाद रोंडिया, जाफराबाद गंगापिपलिया, इजगिरि, जूनापानी, दिल्लोद, ग्राम धमर्रा धमर्रा, महोली, उंदरई, हर्राखेडा, ग्राम हिरनखेडी, कचनारिया, तरावलीकला, रमपुरा बालाचोन, सोनकच्छ (टांडा) एवं ग्राम नलखेडा, खुकरिया, चपडिया, खजुरिया रामदास पर यात्रा का समापन हुआ।



**भोपाल विकास प्राधिकरण**

**आम सूचना**

क्रमांक 1010/ राजस्व/भोविप्रा/25 भोपाल दिनांक 13.05.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की एम.पी.नगर योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-141, जोन-02 श्रीमती आशा बाण्डे पत्नी स्वं. व्ही.एन. बाण्डे के नाम पर अंकित है। आवंटी श्रीमती आशा बाण्डे के मुख्तारआम श्री मुकेश यादव आ. श्री बेनीप्रसाद यादव द्वारा उक्त भूखण्ड पर निर्मित दुकान नं.-01, भू-तल जिसका क्षेत्रफल 203 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 09.05.2000, श्रीमती सुशीला यादव पत्नी श्री मुकेश यादव को किया गया। श्रीमती सुशीला यादव द्वारा दुकान नं.-01, भू-तल जिसका क्षेत्रफल 203 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 31.12.2005, श्री कृष्ण कुमार ठाकुर आ. श्री के.एस. ठाकुर को किया । श्री कृष्ण कुमार ठाकुर द्वारा दुकान नं.-01, भू-तल जिसका क्षेत्रफल 203 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 11.05.2009, श्री शशांक दाणी आ. श्री एस.के. दाणी को किया। श्री शशांक दाणी द्वारा दुकान नं.-01, भू-तल जिसका क्षेत्रफल 203 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 12.11.2010, श्री विजय गुरनानी आ. श्री नारी गुरनानी एवं श्रीमती प्राची गुरनानी पत्नी श्री विजय गुरनानी को किया। श्री विजय गुरनानी आ. श्री नारी गुरनानी एवं श्रीमती प्राची गुरनानी पत्नी श्री विजय गुरनानी द्वारा पुन: उक्त भूखण्ड पर निर्मित दुकान नं.-01, भू-तल जिसका क्षेत्रफल 203 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 13.07.2017, श्रीमती फरीदा बी पत्नी श्री अनवर कुरैशी एवं श्री अन्सार अली कुरैशी आ. श्री अनवर कुरैशी को कर विक्रय पत्र पंजीकृत किया गया। श्रीमती फरीदा बी पत्नी श्री अनवर कुरैशी एवं श्री अन्सार अली कुरैशी आ. श्री अनवर कुरैशी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर उक्त दुकान नं.-1, भू-तल जिसका क्षेत्रफल 203 वर्गफुट का नामान्तरण / नाम सम्मिलित अपने नाम पर चाहा गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से सात दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा ।

**राजस्व अधिकारी**

देशबन्धु

भोपाल, बुधवार 14 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## दो दिन में दो भाषण, फिर भी कुछ साफ नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रात आठ बजे राष्ट्र को संबोधित किया। वीर रस से सराबोर इस संबोधन में कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर नए सवाल खड़े हो गए। इन सवालों को विपक्ष ने पूछना शुरु किया ही था कि मंगलवार को सुबह पहले नरेन्द्र मोदी अचानक पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंच गए और फिर दोपहर तक उनका एक और वीर रस में पगा हुआ भाषण सामने आ गया। शनिवार रात शाहबाज शरीफ ने भी इसी तरह का भाषण पाकिस्तान के लोगों को सुनाया था। इन भाषणों को सुनकर न जाने क्यों चाबी वाले खिलौनों का ख्याल आता है, जिसमें चाबी भर दो तो वह तब तक चलता रहता है, जब तक चाबी पूरी तरह से उल्टी न घूम जाए। चाबी भरने वाले हाथ दिखाई नहीं देते, केवल खिलौने चलते दिखते हैं।

खैर..मंगलवार सैनिकों के बीच पहुंचकर श्री मोदी ने अच्छा ही किया। जो लोग जान हथेली पर लेकर देश की रक्षा करते हैं, उनका हौसला बढ़ाने के लिए जो किया जाए, सो कम है। आदमपुर एयरबेस से जो तस्वीरें सामने आईं, उनमें अनकहा संदेश भी पाकिस्तान के लिए था। इनमें मोदी के साथ पार्श्व में मिग-29 और एस-400 भी दिखाई दिए। जबकि पाकिस्तान का दावा था कि उसने आदमपुर में एस-400 वायुरक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया है। यहां सैनिकों को संबोधित करते हुए भी श्री मोदी ने पाकिस्तान को कहा कि निर्दोषों का खून बहाने का एक ही अंजाम है, महाविनाश। अभी सैन्य कार्रवाई सिर्फ स्थगित की है, फिर से दुस्साहस किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे। कुछ ऐसी ही बात सोमवार के संबोधन में भी थी।

तब श्री मोदी ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत का सैन्य ऑपरेशन अभी सिर्फ़ स्थगित हुआ है. आने वाले दिनों में पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापा जाएगा कि वो क्या रवैया अपनाता है। अब सवाल उठता है कि अगर अब भी वार-प्रतिवार की आशंका है, तो फिर युद्धविराम की बात कहां से आई, क्यों श्री मोदी इसका खुलकर खंडन नहीं कर रहे। क्या ये समय शाब्दिक जाल फैलाने का है कि सैन्य आपरेशन अभी स्थगित हुआ है। इसका क्या मतलब है, प्रधानमंत्री साफ-साफ बतलाएं कि अभी हम युद्ध में हैं या नहीं हैं। हम पाकिस्तान के अगले कदम या उसके दुस्साहस का इंतजार क्यों कर रहे हैं। क्या पहलगाम के बाद भी हमारे जो जवान शहीद हुए, बेकसूर नागरिक मारे गए, उनकी जान की कोई कीमत नहीं है। अगर पाकिस्तान की तरफ से भी युद्धविराम की घोषणा के बाद हमारे सीमांत इलाकों में ड्रोन मंडराते हुए देखे गए हैं, तो क्या इसे पाकिस्तान का दुस्साहस ही नहीं समझा जाना चाहिए। इस संकट की घड़ी में भी अगर प्रधानमंत्री साफगोई से सारी बातें नहीं करेंगे, तो फिर कब करेंगे।

जब नोटबंदी या लॉकडाउन का ऐलान किया गया था, तब भी कई गोल-मोल बातें और दावे सरकार ने किए थे। उन पर भी विपक्ष ने सवाल उठाए लेकिन किसी का जवाब देना जरूरी नहीं समझा गया। चलिए वो देश के आंतरिक मामले थे और जनता ने कुछ अच्छा होने की उम्मीद में तब के कष्टों को सहन कर लिया। लेकिन इस बार तो आम जनता की सुरक्षा और देश की प्रतिष्ठा दोनों दांव पर लगी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के संदर्भ में मनमाने बयान दे रहे हैं। युद्ध विराम के ऐलान के बाद नए बयान में डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि दोनों देशों ने अमेरिका के साथ व्यापार की वजह से ये संघर्ष विराम किया है। पाकिस्तान अपनी जाने कि उसने किस दबाव में संघर्ष विराम मंजूर किया, लेकिन भारत इसके लिए राजी क्यों हुआ, ये बात नरेन्द्र मोदी को अपने संबोधन में बतानी चाहिए थी। क्या ट्रंप अब भारत के आधिकारिक प्रवक्ता हो गए हैं कि वो जो बयान देंगे, दुनिया उसे भारत का बयान मानेगी, क्योंकि ट्रंप की किसी बात को अब तक श्री मोदी ने या उनकी सरकार ने खारिज नहीं किया है।

सोमवार के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने एक गंभीर बात कही कि 'भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। परमाणु ब्लैकमेल के तहत चलने वाले आतंकी ढांचे भारत के निशाने पर होंगे।' ध्यान रहे कि ब्लैकमेल एक गंभीर शब्द और बड़ा आरोप है, खासकर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में। श्री मोदी क्या यह कहने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत को आणविक युद्ध की धमकी देकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई, ये कोशिश पाकिस्तान की तरफ से हुई या चीन या अमेरिका की तरफ से, देश को यह बताना चाहिए।

क्या एकदम से युद्धविराम के लिए सहमत होने के पीछे ब्लैकमेल जैसी कोई बात थी। अगर ऐसा है तो कम से कम विपक्ष को इस बारे में सूचित किया जाना था। जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जा सकती थी तो शनिवार से लेकर अब तक सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाई गई। सभी दलों को नहीं बुलाना तो कम से कम दोनों सदनों के नेता प्रतिपक्षों के साथ प्रधानमंत्री को बैठक करनी चाहिए थी ताकि इस तथाकथित ब्लैकमेलिंग का जवाब दिया जाए।

पहलगाम हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर, युद्धविराम और राष्ट्र के नाम संबोधन तक के पूरे घटनाक्रम में कई सारे सवाल हैं जिन पर प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए। सोमवार को प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम हमला मेरे लिए व्यक्तिगत दर्द था। देश का मुखिया होने के नाते वे ऐसा कह सकते हैं लेकिन याद रखें कि पहलगाम के 26 पीड़ितों से लेकर उसके बाद पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमलों में मारे गए लोगों के परिवार असल में व्यक्तिगत दुख झेल रहे हैं। यह वक्त उनके दुखों को कम करने का है, राजनीति में अपने अंक बढ़ाने का नहीं।


# मोदी का 'मध्यावधि स्वप्न' भंग हो गया!

प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेन्द्र मोदी ने कहा था, 'मैं गुजराती हूं, व्यापार मेरे खून में है।' फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने एक और मुहावरा उछाला- 'आपदा में अवसर!' मोदीजी द्वारा उछाले गए ये दो मुहावरे उनके द्वारा अब तक उछाले गए तमाम मुहावरों में सर्वाधिक अश्लील मुहावरे साबित हुए हैं। फिर भी नरेन्द्र मोदी के लिए तो मानो ये दोनों मुहावरे उनकी राजनीतिक सफलता के मूल मंत्र बन गए हैं। देश के समक्ष पैदा हुए हर अप्रिय से अप्रिय प्रसंग को उन्होंने अपने राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करने में और अपने कारोबारी मित्रों को उसका फायदा दिलाने में कतई संकोच नहीं किया। चाहे वह पुलवामा में हुआ भीषण आतंकवादी हमला हो या लाखों लोगों को मौत की नींद सुला देने वाली कोरोना महामारी हो, या फिर उनके खुद की आहूत की गई नोटबंदी जैसी त्रासदी हो।

अभी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर भी मोदी यही करते दिखे हैं और कोई वजह नहीं कि वे आगे भी ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने हमले में हुई 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या को आपदा में अवसर की तरह ही देखा। हमले के बाद शुरू दिन से लेकर आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तक और फिर अमेरिकी दबाव में अचानक युद्धविराम पर राजी होने और फिर राष्ट्र को संबोधित करने तक मोदी प्रधानमंत्री की तरह नहीं बल्कि एक पार्टी के नेता के तौर पर ही देश के समक्ष पेश आए।

पहलगाम हमले के बाद से लेकर पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य टकराव तक कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष सरकार के हर फैसले मे उसके साथ खड़ा था। ऐसा लंबे समय बाद हो रहा था जब सरकार की किसी भी कार्रवाई पर, यहां तक कि सरकार की चूक पर भी किसी विपक्षी पार्टी ने कोई सवाल नहीं किया। सरकार के साथ विपक्ष की ऐसी एकजुटता उस समय भी कभी नहीं देखी गई जब भाजपा विपक्ष में थी। इसके बावजूद सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा का रवैया विपक्ष को लेकर जरा भी सद्भाव वाला नहीं रहा। खुद मोदी विपक्ष के सहयोगात्मक रवैये के प्रति गंभीरता और सकारात्मकता न दिखाते हुए उसके प्रति हिकारत और अहंकार भरा व्यवहार करते रहे।

पहलगाम हमले के बाद सरकार की ओर से दो बार सर्वदलीय बैठक बुलाई गई लेकिन प्रधानमंत्री मोदी दोनों बैठकों में शामिल नहीं हुए। पहली बैठक हमले के बाद बुलाई गई थी लेकिन मोदी उस बैठक में शामिल न होते हुए बिहार में अपनी पार्टी की रैली को संबोधित करने चले गए। कहा गया कि वे बिहार की धरती से पाकिस्तान और आतंकवादियों को चेतावनी देंगे। सवाल है कि हमला कश्मीर में हुआ तो बिहार जाकर पाकिस्तान को चेतावनी देने का क्या मतलब था? बेहतर तो यह होता कि प्रधानमंत्री श्रीनगर जाते वहां से पाकिस्तान को चेतावनी देते। चूंकि बिहार में पांच महीने बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, इसलिए मोदी ने आपदा को अवसर बनाते हुए बिहार जाना उचित समझा। बिहार में रैली करने के बाद भी प्रधानमंत्री ने सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के अध्यक्ष या लोकसभा में नेता विपक्ष से मिलना और बात करना उचित नहीं समझा,



अनिल जैन

> आतंकवादियों के ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करने का फैसला करने के बाद भी इस बारे में उन्होंने विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया। सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री उसमें भी शामिल नहीं हुए, जबकि वे राजधानी में ही मौजूद थे जिस समय सर्वदलीय बैठक चल रही थी।

जबकि इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुप्रीमो मोहन भागवत से जरूर मुलाकात की और अपनी पार्टी के नेताओं से भी लगातार मिलते रहे।

आतंकवादियों के ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करने का फैसला करने के बाद भी इस बारे में उन्होंने विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया। सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री उसमें भी शामिल नहीं हुए, जबकि वे राजधानी में ही मौजूद थे। जिस समय सर्वदलीय बैठक चल रही थी, ठीक उसी समय प्रधानमंत्री एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उस चैनल की महिला एंकरों के साथ फोटो सेशन करने में व्यस्त थे। इतना सब होने के बावजूद विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री या सरकार से कोई सवाल नहीं किया जा रहा था। इस नाजुक मौके पर भी विपक्ष से संवाद करना मोदी अपनी शान के खिलाफ समझ रहे थे।

प्रधानमंत्री का यह रवैया उनकी पार्टी के प्रवक्ताओं को एक तरह का इशारा था, जिसके मुताबिक टीवी चैनलों की बहस में भाजपा के प्रवक्ता रोजाना विपक्षी नेताओं को गद्दार, देशद्रोही और पाकिस्तान व आतंकवादियों का हमदर्द बता रहे थे। यही काम सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर भाजपा का ईको सिस्टम कर रहा था। यह ईको सिस्टम सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही नहीं, बल्कि देश भर के मुसलमानों को भी गद्दार बताते हुए उनके आर्थिक बहिष्कार की अपील कर रहा था। इस सबके बावजूद किसी को कोई संशय या संदेह नहीं रहे, इसके लिए टीवी के सरकारी चैनल डीडी न्यूज पर तो बाकायदा विपक्षी नेताओं के फोटो के साथ लिखा जा रहा था, 'भारत है तैयार लेकिन घर में कितने गद्दार'।

इतना सब होने के बाद कहीं से भी संदेह की गुंजाइश नहीं रह जाती कि प्रधानमंत्री इस आपदा को अपनी पार्टी के लिए एक बड़े राजनीतिक अवसर के तौर पर देख रहे थे। उनके सामने पांच महीने बाद बिहार और नौ महीने बाद पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव हैं। प्रधानमंत्री का इरादा संभवत: पाकिस्तान के खिलाफ़ सैन्य कार्रवाई के जरिये देश में उन्मादी और राष्ट्रवादी माहौल तैयार कर लोकसभा के मध्यावधि चुनाव कराने का था, ताकि पिछले चुनाव में 400 सीटें पाने की अधूरी रह गई हसरत को पूरा किया जा सके। यह दांव मोदी 2019 के चुनाव में आजमा चुके थे और कामयाब भी रहे थे।

पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का असल मकसद यही था, लेकिन पाकिस्तान को चीन की मदद ने इस भारत की सैन्य कार्रवाई को ज्यादा देर तक जारी नहीं रहने दिया। इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय सेना ने अपना काम बखूबी अंजाम देते हुए पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के कई ठिकानों को नष्ट कर दिया। पाकिस्तानी सेना की ओर से उकसावे की कार्रवाई के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को भी भारी क्षति पहुंचाई। भारतीय सैन्य नेतृत्व ने पहलगाम हमले के पीछे पाकिस्तान के मकसद को भांपने में भी कोई गलती नहीं की और अपनी कार्रवाई शुरू करने के साथ ही उसके प्रवश्वा ने आधिकारिक तौर पर कहा कि, 'पहलगाम हमले का मकसद देश में सांप्रदायिक दंगे भड़काना था लेकिन देश के नागरिकों ने ऐसा नहीं होने दिया।'

बहरहाल. पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई के दौरान चीन ने साइलेंट किलर की भूमिका निभाते हुए भारत के भी दो लड़ाकू विमान नष्ट कर दिए। हालांकि भारत सरकार ने इस बात की पुष्टि नहीं की है, लेकिन उसने अमेरिका और ब्रिटेन के अखबारों ने इस बारे में विस्तार से छपी खबरों का खंडन भी नहीं किया है। संभवत: इसी घटना ने भारत को अपने कदम आगे बढ़ाने से रोकने पर मजबूर किया। हालांकि मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश में दावा किया है कि युद्धविराम पाकिस्तान की पहल पर हुआ है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक नहीं, दो बार टीवी पर आकर यह दावा किया है कि युद्धविराम उनके कहने पर हुआ है। भारत सरकार ने ट्रम्प के इन दावों का किसी भी स्तर पर खंडन नहीं किया है।

जो भी हो, यह तो साफ हो गया है कि भारतीय सेना की जिस संयमित और सटीक कार्रवाई पर पूरा देश गर्व कर रहा था, उसे भारत सरकार ने अज्ञात शर्तों पर अचानक रोककर एक राष्ट्रीय गर्व के विषय को राष्ट्रीय शर्म में तब्दील कर दिया। प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संदेश में खुद की पीठ थपथपाने के अलावा कुछ भी नहीं था, जैसा कि वे अक्सर ही करते हैं। पहलगाम में हुई 26 लोगों की मौत का बदला लेने के लिए की गई कार्रवाई में भारत को 21 लोगों की और बलि देना पड़ी है। प्रधानमंत्री का मध्यावधि चुनाव कराने का स्वप्न भले ही भंग हो गया हो, लेकिन कोई आश्चर्य नहीं कि मोदी बंगाल और बिहार के चुनाव में 'फर्स्ट टाइम वोटर' से इन मारे गए 47 (26+21) लोगों के नाम पर वोट मांगें। आखिर पुलवामा में मारे गए 42 जवानों की शहादत पर भी तो उन्होंने ऐसे ही वोट मांगे थे।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# क्रिकेट, कोहली और बाजार

बीच आईपीएल में संन्यास की घोषणा की उम्मीद तो रोहित शर्मा से भी नहीं थी, लेकिन विराट कोहली के टेस्ट से सन्यास की घोषणा ने क्रिकेट जगत और उनके करोड़ों प्रशंसकों को चौंकाया। जल्दी ही इंगलैंड दौरे के लिए टीम का चुनाव होना है। विराट बहुत बड़े खिलाड़ी और महान टेस्ट कप्तान रहे हैं और बीच में फार्म की हल्की गिरावट (और कोरोना की भी मार) के बाद से फिर खेलने लगे हैं और आईपीएल में भी सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने की रेस में नए-नए सितारों को चुनौती दे रहे हैं। उनका फिटनेस और मैदान में अपने कम उम्र और एकदम नए कप्तान समेत सबके साथ व्यवहार बहुत अच्छा है, उनका सेलेबरेशन का तरीका अभी भी प्रतिद्वन्द्वियों को चुभता है तो उनकी बल्लेबाजी का खौफ बना हुआ है। रोहित पर ये बातें लागू नहीं होती। अब उनका क्रिकेट साफ ढलान पर है- सिर्फ टेस्ट में ही नहीं, सभी फार्मेट में। और बेचारे रविचंद्रन अश्विन तो सेलेक्शन के तौर तरीकों से ऊबकर सारे फार्मेट से सन्यास घोषित कर चुके हैं। उन्होंने भी आईपीएल खेलते रहने का फैसला किया था-ये दोनों तो खेल ही रहे हैं और अश्विन टेस्ट के स्पेशलिस्ट होकर बीस ओवर वाले क्रिकेट में धुना रहे हैं।



अरविन्द मोहन

> आईपीएल का लोभ ऐसे महान खिलाड़ियों को क्यों है यह सब जानते हैं-अभी तो महेंद्र सिंह धोनी भी यहां जमे हैं और खराब प्रदर्शन के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अपने ही क्यों कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने यहां के क्रिकेट से सन्यास लेकर यहां जमे हुए हैं। उनकी तुलना में माही, कोहली, रोहित और अश्विन के जमने का एक और मतलब है-इनको वैसे भी कुछ ज्यादा रकम का कान्ट्रैक्ट।

आईपीएल का लोभ ऐसे महान खिलाड़ियों को क्यों है यह सब जानते हैं-अभी तो महेंद्र सिंह धोनी भी यहां जमे हैं और खराब प्रदर्शन के बावजूद मैदान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अपने ही क्यों कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने यहां के क्रिकेट से सन्यास लेकर यहां जमे हुए हैं। उनकी तुलना में माही, कोहली, रोहित और अश्विन के जमने का एक और मतलब है-इनको वैसे भी कुछज्यादा रकम का कान्ट्रैक्ट है लेकिन इन सबको विज्ञापनों की भारी कमाई भी हो रही है। एक-एक विज्ञापन करने का रेट भी अच्छा है-अभी धोनी भी अच्छे अच्छों को टक्कर दे रहे हैं। सिर्फ क्रिकेटरों को ही नहीं, दूसरे स्टार खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों को भी। ऐसे में इंस्टाग्राम पर 27 करोड़ से ज्यादा और सोशल मीडिया पर लगभग सात करोड़ फालोअर रखने वाले कोहली अगर हर विज्ञापन करने का प्रति वर्ष दस करोड़ रुपए तक लेते हैं तो वह किसी को नहीं अखरता। उनके पास करीब चालीस ब्रांड हैं। माही भी जमाने तक सबसे बड़ा ब्रांड से और उनका रेट सबसे ऊपर था-संभवत: बाद के दिनों वाले सचिन तेंडुलकर से भी ज्यादा।

अब इन खिलाड़ियों को ही नहीं रणजी तक खेलने वाले हर क्रिकेटर को आजकल ठीक ठाक पैसे मिलने लगे हैं- सेंट्रल कान्ट्रैक्ट मिल जाए या आईपीएल की बोली में लाटरी लग जाए तो बल्ले-बल्ले। टेस्ट और वन डे का रेट भी काफी है। दो-चार बार भी 'देश की सेवा' अर्थात देश की टीम में शामिल होने का अवसर मिल जाए तो रिंकू सिंह का ही नहीं किसी भी कमजोर पृष्ठभूमि वाले लड़के का नसीब ही बदल जाता है। माही और बुमराह जैसा लंबा चल गए तो क्या पूछना। सबसे बड़ी बात यह है कि आज साल में जितना क्रिकेट होने लगा है उसमें खिलाड़ी जान की अर्थात शरीर और थकान की परवाह नहीं करके खेलते ही जाते हैं। इंजरी छुपाते हैं और क्रिकेट प्रशासकों पर ऐसे खिलाड़ियों के पूरा फिट होने का इंतजार करने का दबाव रहता है। टीम में चुने जाने की मारामारी जरूर बढ़ी है लेकिन कमाई के आगे किसी को भी खिलाड़ी के थकान और स्वास्थ्य की परवाह नहीं है। खुद खिलाड़ियों को भी नहीं है तो बाजार और दर्शक को क्यों होगी। जब साल की कमाई सौ से लेकर दो हजार करोड़ रुपए की होने लगे तो कौन अपना कैरियर लंबा नहीं खींचना चाहेगा। धोनी, कोहली, रोहित और अश्विन ही नहीं काफी सारे विदेशी खिलाड़ी भी अपनी पसंद के अनुसार का फार्मेट छोड़कर दूसरे फार्मेट से सन्यास ले रहे हैं। कहना न होगा कि इसमें सर्वाधिक नुकसान उसे टेस्ट फार्मेट का हो रहा। यही जिसे सभी फार्मेट में श्रेष्ठ और खिलाड़ी की असली प्रतिभा सामने लाना वाला माना जाता है।

विराट कोहली जैसे क्रिकेटरों को इस बात का श्रेय दिया जाता है कि उन्होंने वन डे क्रिकेट, जिसे कभी पाजामा क्रिकेट भी कहा जाता था, से पिट रहे टेस्ट मैचों में जान लौटाई है। सचिन, धोनी, सौरव, कोहली और पुजारा हमारे ऐसे खिलाड़ी रहे हैं। आज ट्वेंटी ट्वेंटी से वन डे क्रिकेट को ही खतरा है और ट्रेंड देखेंगे तो पाएंगे कि हर फार्मेट छोड़कर खिलाड़ी इसी की तरफ भाग रहे हैं जबकि इस क्रिकेट को घटिया और बॉलिंग का दुश्मन बताया जा रहा है। इसमें भी आईपीएल दुनिया भर के क्रिकेटरों में लोकप्रिय हुआ है क्योंकि उसमें सबसे अधिक दाम मिलता है। दु-प्लेसी, ब्रावो, रसेल, सुनील नारायण समेत दर्जनों ऐसे विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने देश की टीम को छोड़ दिया है लेकिन आईपीएल को नहीं। और पाकिस्तान के क्रिकेटर यहां मौका न मिलने से सबसे ज्यादा कुढ़ते है। इतना ही नहीं यहां विज्ञापन में भी अनेक विदेशी खिलाड़ी आते हैं और उसी तरह उनका ब्रांड मूल्य भी है जैसा कि देशी खिलाड़ियों का- हालांकि कुल कमाई के मामले में देशी स्टार कहीं आगे हैं।

कोहली के साथ सिर्फ कैरियर लंबा खींचने और फिटनेस जैसा सवाल नहीं है। वे सबसे फिट खिलाड़ियों में रहे हैं और यो-यो टेस्ट की अनिवार्यता उनके कप्तान रहते ही बनी। कोहली बाजार का काम करने के साथ अपना बाजार भी बनाने के चक्कर में हैं और उनके मैनेजरों को लगता है कि अगर वे कुछेक साल और चले तथा धूम-धड़ाका करते रहे तो उनके अपने ब्रांड भी जम जाएंगे। फिर वह कमाई टिकाऊ और जीवन भर के लिए हो जाएगी। ऐसा प्रयास सचिन, माही और सौरव गांगुली समेत कई खिलाड़ियों ने किया था लेकिन बहुत छोटे पैमाने पर। किंग कोहली यह काम भी किंग साइज ही चलाते हैं। उन्होंने स्पोर्टसवियर, रेस्तरां, प्लांट आधारित मांसाहार/फूड, काफी ब्रांड, स्वास्थ्य और फिटनेस कंपनी, जिम की श्रृंखला और फैशन का मंच तैयार किया है। पत्नी अनुष्का शर्मा का जुड़ाव तो इनसे है ही, यह भी माना जा रहा है कि उन्होंने आगे इन पर ध्यान केंद्रित करने का मन बनाया है। वे बहुत विज्ञापन की जगह महंगे और कम विज्ञापन करना चाहते हैं। पुमा कंपनी से करार उन्होंने अपने ब्रांड स्थापित करने के लिए किए हैं। माना जाता है कि उनका ब्रांड मूल्य 1900 करोड़ रुपए का है। वे इसे घटाने देना नहीं चाहते। संन्यास का फैसला भी इस ब्रांड मूल्य को बचाने का ही है क्योंकि इधर वे टेस्ट में धूम धड़ाका नहीं कर पा रहे थे।



## ललित सुरजन की कलम से

### एकालाप बनाम संवाद

*'मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को जनता के साथ द्विपक्षीय संवाद तो निश्चित रूप से करना ही चाहिए। इसके आगे उन्हें यह देखने की आवश्यकता है कि प्रशासनतंत्र अपनी भूमिका का निर्वाह भलीभांति करता है या नहीं। हमारे देश में त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था है। इसमें पंचायती राज संस्थाओं को भी अधिकार-सम्पन्न बनाने की बात कही गई है। इस पृष्ठभूमि में यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि बड़े नेता यदि कोई घोषणा करते हैं या आश्वासन देते हैं तो उससे पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारों का हनन न हो। इसी तरह सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों को व्यापक नीतिगत निर्णय तो लेना चाहिए, लेकिन जहां तक संभव हो व्यक्तिगत समस्याओं में उलझने से बचना चाहिए। मैं एक उदाहरण से बात साफ करना चाहूंगा। जब कभी कोई दुर्घटना होती है सरकार हताहतों के लिए मुआवजा घोषित करती है, लेकिन दुर्घटना के पीछे कारण क्या थे इस ओर से आंखें मूंद लेती है। यह इसलिए होता है क्योंकि नौकरशाही की दिलचस्पी मुख्यमंत्री को खुश करने में होती है न कि अपनी सामान्य जिम्मेदारी निर्वहन करने में। मैं समझता हूं कि इस पर आगे और बहस की आवश्यकता है।'*

**(देशबन्धु में 17 सितम्बर 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/09/blog-post_16.html

## पावन प्रसंग

### अंतर्मन में चलता देवासुर संग्राम

जीवन में अध्यात्मिक उत्कर्ष का अभीप्सु साधक किसी-न-किसी साधना पद्धति या धार्मिक कर्मकांड का सहारा लेकर अपनी यात्रा प्रारंभ करता है और जीवन में स्थायी सुख-शांति के साथ कुछ विशेष चमत्कारभरी उपलब्धि की आश लगाए होता है।

लेकिन साधना के बढ़ते चरणों के साथ जब आंतरिक परिष्कार की प्रक्रिया गति पकड़ती है तो अंतर में जड़ जमाए, विकार असामान्य ढंग से उभरते थे, जिनके तुफानी उफान के बीच साधक विचलित हो उठता है और साथ ही बाह्य परिस्थितियाँ भी बद से बदतर होती प्रतीत होती हैं। ऐसे में आध्यात्मिक जीवन से जुड़े भाव कहीं हवा में तिरोहित होते दिखते हैं।

बाहर की परिस्थितियां तो किसी प्रकार सँभल भी जाएँ, लेकिन आंतरिक मन:स्थिति की विस्फोटक अवस्था को संभालना स्वयं में एक बड़ा कार्य बन जाता है। इस तरह एक साधक के जीवन में वास्तविक संघर्ष चित्त की गहराइयों में, अंत:करण के केंद्र में घटित हो रहा होता है।

बाहर से हम कितना ही सफल होने का दंभभर सकते हैं, बड़ी सफलता का अभिनय कर दुनिया की आँखों को चौंधिया सकते हैं, लेकिन अपने अंत:करण के निकटतम सत्य, प्रत्यक्ष दुर्दशा से नहीं बच सकते। अंतरात्मा हर दिन, प्रतिपल जीवन में चल रहे आंतरिक संघर्ष, युद्ध को साक्षीभाव से देख रही होती है। आखिर जन्म जन्मांतर के कर्मों का हिसाब-किताब, इसके जखीरे का परिशोधन साधक के अंतर्मन की गहराइयों में चल रहा होता है।

इन्हीं कारणों से व्यक्ति में देवत्व ईश्वरत्व को संभावनाओं के बावजूद पाशविक एवं आसूरी संभावनाएं भी विद्यमान रहती हैं। जब स्वार्थ अहं स्वयं या परिवार तक सीमित हो जाए तो पशुवत आचरण में जीवन का दायरा सिमटा रहता है। जब मन:स्थिति और गिर जाती है, विवेक बुद्धि विपर्यय दोष से ग्रस्त हो जाते हैं तो अवांछनीय कर्म बनते हैं तथा व्यक्ति को आसुर एवं पैशाचिक कृत्यों में संलिप्त देखा जा सकता है। नर पशु, नर पिशाथ जैसे संबोधन इन्हीं भाव दशाओं में इनसान के साथ जोड़े जाते हैं, जिनमें वह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा होता है और परिवेश को भी दुषित एवं आतंकित कर रहा होता है।

ऐसे में व्यक्ति मानव जीवन के महान उद्देश्य से भटक जाता है और दुर्गति को प्राप्त होता है। श्रीमदभगवद् गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि ऐसे आसुरी संपदा वालों को मैं बार-बार असुर योनि में डालता हूँ। दु:ख, अशांति, क्लेश कलह ही उनकी नियति होती है और वे नारकीय जीवन के लिए विवश होते हैं, लेकिन यदि जीवात्मा चेते, तो यही गीता पापी से भी पापी जीवात्मा के लिए भी उद्धार की बात करती है, उसके कल्याण का आश्वासन देती है।

प्रश्न एक ही है कि हम किसके पक्ष में खड़े हैं। अंदर चल रहे देवासुर संग्राम में पशुता असुरता के पक्षधर समर्थक हैं या देवत्व के। आंतरिक महाभारत में हम पांडवों के पक्ष में है या कौरवों के। यदि देवत्व के पक्ष में है, तो फिर एक ही मार्ग शेष बचता है कि साहस के साथ जीवन का सामना करें।

**-अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### भारतीय समाज की विविधिता भी देश की ताकत

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए है। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते हैं बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू-मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है। वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है। क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दि तक भारत आक्रांत रहा है।

संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्टवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा।

**-संजीव ठाकुर**

## सार समाचार

### केमिस्ट एसोसिएशन ने लगाया निशुल्क शिविर, मरीजों की हुई जांच



**गुना, देशबन्धु।** जिला केमिस्ट एसोसिएशन गुना के तत्वावधान में जानी-मानी दवा निर्माता कम्पनी डॉ. मोरपेन द्वारा शहर के ताटके मार्केट परिसर में निशुल्क शुगर एवं बीपी जांच शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक सरोकार और मानव सेवा की भावना को साकार करते हुए आयोजित निशुल्क शिविर का शुभारंभ व्यापार एवं उद्योग महासंघ के गुना जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल द्वारा किया गया। शिविर को सफल बनाने में डॉ. मोरपेन के गुना वितरक विशुद्ध ड्रग एंड सर्जिकल और प्रतिनिधि संजय वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सुबह 10.30 बजे से शुरु हुए शिविर में लगभग 2 बजे डेढ़ सौ से ज्यादा मरीजों ने बीपी और शुगर की निशुल्क जांच कराई। कम्पनी के मुताबिक गुना जिले में इस तरह के 3 शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी शिविरों का आयोजन जून और जुलाई महीनों में किया जाना प्रस्तावित है।

### सीबीएसई परिणाम में एसएल मेमोरियल स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गुना, देशबन्धु।** सीबीएसई द्वारा मंगलवार को घोषित 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में एसएल मेमोरियल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय को गौरवान्वित करते हुए 12वीं बायो ग्रुप में काशवी मंगल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। इसी तरह गणित ग्रुप में तनिष्क रजक ने 90.6 प्रतिशत और ख्वाहिश कौर सूद ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा कला ग्रुप में अंजली जाटव ने 90.2 प्रतिशत, सानिया राईन ने 90 प्रतिशत एवं वाणिज्य ग्रुप में प्रियांश शर्मा ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं कर्मण्य रघुवंशी ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में मोहित दैलवार ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिलेभर में विद्यालय को गौरवान्वित किया है। राधिका अग्रवाल ने 95.8 प्रतिशत, अभिनव रघुवंशी ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। छात्र-छात्राओं की गौरवमयी उपलब्धि पर स्कूल परिवार ने छात्र-छात्राओं को बधाई और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### शारदा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गुना, देशबन्धु।** शहर की अग्रणी शिक्षण संस्था शारदा स्कूल कैंट के छात्र-छात्राओं ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक कक्षा 10वीं की छात्रा राधिका रघुवंशी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। छात्र युवराज सिंह धाकड़ ने 90 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान और छात्रा खुशबू जैन ने 83 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान अर्जित किया है। इसी तरह कक्षा 12वीं में छात्र आदित्य रघुवंशी ने कड़ी मेहनत करते हुए 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर 86 प्रतिशत अंकों के साथ छात्रा मान्या वर्मा रहीं। वहीं तीसरे स्थान पर रेणुका जाटव 83 प्रतिशत के साथ रहीं। छात्र-छात्राओं की उपलब्धि पर संचालक अमित सौगानी एवं विद्यालय के प्राचार्य दिनेश अग्रवाल सहित स्टाफ छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कलेक्ट्रेट में काफी देर तक हुआ हंगामा

# जहर लेकर जनसुनवाई में पहुंचा युवक

### कलेक्टर बोले-किसी ने उसे भड़काया है, पता करेंगे



**गुना, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान एक युवक थैले में जहर की शीशी लेकर पहुंच गया। अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया तो युवक ने हंगामा कर दिया। तहसीलदार और पुलिस अधिकारी युवक को कलेक्ट्रेट परिसर में ही स्थित जिला शहरी अभिकरण कार्यालय में ले गए जहां समझाइश दी। इसके बावजूद युवक नहीं माना और कलेक्ट्रेट में हंगामा करता रहा। अंत में कैंट पुलिस युवक को जीप में बैठाकर थाने ले गई है। इस मामले में गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने दावा किया है कि युवक को किसी के द्वारा भड़काया गया है, इसकी जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई जारी थी। इसी दौरान लगभग 12 बजे आरोन तहसील के ग्राम उरझनयाई निवासी कृष्णपाल सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह यादव एक थैला लेकर पहुंच गया। युवक पर अधिकारियों को संदेह हुआ। इसलिए उसकी तलाशी ली गई। इसपर युवक विरोध जताने लगा। तभी जनसुनवाई कक्ष में मौजूद तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा बाहर आ गए और युवक से बातचीत करने लगे। मामले की संवेदनशील और युवक के रवैये को देखकर पुलिस और अधिकारी उसे कलेक्ट्रेट परिसर में ही स्थित जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय में ले गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर बाद युवक बाहर आया तब उसे शर्ट के बटन खुले हुए थे। युवक चिल्ला रहा था और अधिकारियों पर झूमाझटकी व अभद्रता करने का आरोप लगाने लगा। उसने बताया कि वह अपने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या लेकर आया था। लेकिन उसकी सुनवाई करने की बजाए गलत बर्ताव किया गया। आवेदक कृष्णपाल यादव ने बताया कि उरझनयाई गांव में मैन रोड पर उसकी जमीन थी। जिसे पटवारी और राजस्व अधिकारियों ने मिलीभगत कर एक खेत पीछे दर्शा दिया और कुछ दबंगों व प्रभावशाली लोगों की शह पर गलत सीमांकन भी कर दिया है। वह अपनी जमीन को दुरुस्त कराना चाहता है। उसके साथ धोखाधड़ी हो रही है। उसने आरोन तहसील में कई आवेदन दिए, एसडीएम से भी शिकायत की। लेकिन सुनवाई नहीं की गई।

### कैंट थाने ले गई पुलिस

परेशान होकर कृष्णपाल ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देने का प्रयास किया था। लेकिन अधिकारियों ने उसे संदेह के आधार पर पहले ही पकड़ लिया। कृष्णपाल ने माना कि उसके थैले में जहर की शीशी थी। उसके मुताबिक अगर उसकी समस्या का समाधान नहीं होता तो वह जहर पी लेता। जिसकी जवाबदेही जिला प्रशासन की होती। हालांकि इससे पहले ही उसे पकड़ लिया गया। लगातार हंगामा होते देख कैंट पुलिस ने कृष्णपाल यादव को जीप में बैठाया और कैंट थाने की ओर लेकर रवाना हो गई।

### गुना कलेक्टर ने यह कहा

आरोन का मामला है। जिसको लेकर एक व्यक्ति जनसुनवाई में आया था। किसी पत्रकार ने ही अधिकारियों को बताया कि उसके थैले में कोई नुकसान पहुंचाने वाली दवा है, जिसे युवक पी सकता है। तहसीलदार और एसडीएम ने बुलाकर एक अलग कमरे में चर्चा की। यह भी जानकारी मिली थी कि उसे किसी वकील और पत्रकार ने उसे उकसाने का प्रयास किया था यह वस्तु लेकर जाओ तहसीलदार और एसडीएम बातचीत कर रहे थे। वहां संबंधित थाना प्रभारी को भी बुलाया गया था। उससे पूछा जा रहा था कि किसने उसे उकसाया। कौन चाह रहा था कि जिले की कानून व्यवस्था बिगड़े? जनसुनवाई में अच्छे तरीके से अपनी बात कहना चाहिए। यह सही है कि जेब में कोई दवा लेकर आएं और खा लें, जिससे हालात बिगड़ जाएं। हम चाहते हैं कि प्रकरणों का निराकरण तुरंत हो। कई बार कोर्ट केस का मामला आ जाता है, कई चीजें सामने आती हैं। आने वाले समय कुछ ऐसा न हो कि कोई व्यक्ति गलत कदम उठा ले।

खूनी हाइवे पर 24 घंटों में 2 हादसे, 3 घायल

# 2 कार सवार और 1 बाईक चालक को गंभीर चोटें



**गुना, देशबन्धु।** खूनी हाइवे के नाम से चर्चित होते जा रहे गुना-म्याना हाइवे पर बीते 24 घंटों में दो बड़े हादसे हुए हैं। बीती रात हुई एक दुर्घटना में ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इस हादसे में दो युवक घायल हो गए। वहीं मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाईक सवार को रौंद दिया। हादसे में बाईक का चालक गंभीर रूप से जख्मी है।

जानकारी सामने आई है कि बीती रात लगभग 1 बजे म्याना चौराहा स्थित वैष्णवी होटल के पास ट्रक क्रमांक आरजे 32 जीसी 6612 और एक कार क्रमांक एमपी 08 सीए 9870 की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना के समय कार में दो लोग सवार थे, जो इस भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान संजय बेलर, पिता गजानंद बेलार निवासी अन्नपूर्णा कॉलोनी गुना और विशाल चौरसिया निवासी अन्नपूर्णा कॉलोनी गुना के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार गुना की तरफ से आ रही थी और हाईवे पर गलत दिशा में जाकर रोड क्रॉस कर अपनी सही दिशा में आने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही म्याना थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों ने भी तत्परता दिखाते हुए पुलिस के साथ मिलकर कार में फंसे घायलों को बाहर निकालने में मदद की। पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने एक बार फिर खूनी हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियमों के पालन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। दूसरा मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भदौरा के नजदीक भूसा फैक्ट्री के सामने से गुजर रही तेज रफ्तार कार ने दूसरी ओर से आ रही बाईक को कुचल दिया। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल जैसे छोटे वाहन से टकराने के बावजूद उसका अगला हिस्सा बुरी तरह डेमेज हो गया है। वहीं मोटरसाइकिल में आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल-100 मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल लेकर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि बाईक सवार युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रैफर कर दिया गया है। जबकि कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और कार को भी जब्त कर लिया है। म्याना थाना पुलिस आगे की कार्रवाई करने के लिए घायल युवक से संपर्क कर रही है।

# आवासीय कॉलोनी में चोरी के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** नानाखेड़ी स्थित आवासीय कॉलोनी में एक बंद घर में घुसकर नगदी और घरेलू सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों को कैंट थाना पुलिस ने सक्रियता से कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब मकान मालिक परिवार सहित शादी समारोह में गया हुआ था। पुलिस ने चोरी के चार हजार से अधिक रुपये बरामद कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस के मुताबिक 5 मई को फरियादी सुनील अहिरवार, निवासी ग्राम इकोदिया (हाल निवासी नानाखेड़ी कॉलोनी) अपने घर पर ताला लगाकर परिवार सहित शादी में गया था। 7 मई की रात लौटने पर उसने पाया कि घर का ताला टूटा हुआ है और भीतर से 7000 रुपये नगद व अन्य सामान चोरी हो गया है। इस पर कैंट थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 483/25, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और जानकारी के आधार पर संदेहियों रोहित पुत्र इमरतलाल अहिरवार एवं विकाश पुत्र सुरेन्द्र बंशकार निवासी पिपरौदा खुर्द को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके बाद उनके पास से 4170 रुपये नगद बरामद किए गए। दोनों को 13 मई को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, प्रधान आरक्षक गौरीशंकर सांसी, आरक्षक अर्जुन यादव, मयंक गोस्वामी एवं सौरभ रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

### फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा स्थाई वारंटियो एवं ईनामी आरोपियो की धडपकड हेतु जिला स्तरीय अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सस्तया व एसडीओपी टीकमगढ़ अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में दिगौड़ा थाना प्रभारी संदीप सोनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत 2021 में मारपीट के एक मामले में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय में पेश किया है।

दिग्विजय सिंह ने लिखा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र

# किसानों ने एमपी को अग्रणी मूंग उत्पादक बनाया, समर्थन मूल्य पर हो शत-प्रतिशत खरीदी

**गुना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने मध्यप्रदेश में मूंग की उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की है।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि साल 2024-25 के दौरान ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती में प्रदेश के किसानों ने अभूतपूर्व उत्साह और परिश्रम का परिचय दिया है। राज्य में इस वर्ष मूंग का रकबा 14.5 लाख हेक्टेयर तक पहुंचा है तथा कुल उत्पादन लगभग 20 से 21 लाख टन आंका गया है। यह न केवल किसानों की मेहनत का प्रमाण है, बल्कि प्रदेश को देश के अग्रणी मूंग उत्पादक राज्यों में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। मूंग की यह फसल किसानों की वार्षिक आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती है। खासकर तब जब इसे तीसरी फसल के रूप में लिया जाए। दिग्विजय ने कहा कि विगत वर्षों के अनुभव से यह स्पष्ट हो रहा कि एमएसपी पर खरीदी की व्यवस्था में गंभीर कमियां रही हैं। अनेक जिलों से प्राप्त शिकायतों के अनुसार करीब 75 प्रतिशत किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दरों पर बेचनी पड़ी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। दिग्विजय ने बताया कि इस मुद्दे को पहले भी राज्यसभा में उठा चुके हैं। मध्यप्रदेश में किसानों को मूंग की फसल का उचित दाम मिले, इसके लिए दिग्विजय ने सुझाव दिया है कि मूंग के उत्पादन लगभग 22 लाख टन के विपरीत कम से कम 70-80 प्रतिशत तक लगभग 16-18 लाख टन मूंग की खरीदी एमएसपी पर की जाए। केंद्र सरकार को मूंग खरीदी संबंधी प्रस्ताव मध्यप्रदेश सरकार की ओर से भेजा जाए तथा इसकी जानकारी पारदर्शिता के साथ किसानों



को दी जाए। दिग्विजय ने मध्यप्रदेश के सीएम को यह भी सुझाव दिया है कि पंजीयन के लिए पोर्टल जल्द से जल्द चालू किया जाए, ताकि समय रहते उनके द्वारा पंजीयन कराना सुनिश्चित किया जा सके। प्रति हेक्टेयर न्यूनतम 15 क्विंटल खरीदी की सीमा निर्धारित की जाए तथा किसानों को पूरी उपज एकमुश्त बेचने की सुविधा दी जाए। खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं एवं योग्य सर्वेयरों की नियुक्ति की जाए, ताकि भ्रष्टाचार पर नियंत्रण हो सके। दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उम्मीद जताई कि उनके सुझावों पर किसान हित में विचार किया जाएगा और शीघ्र ही उचित कदम उठाए जाएंगे।

भतीजे कर रहे हैं प्रताड़ित

# बुजुर्ग दम्पत्ति ने कलेक्टर से लगाई जमीन दिलाने की गुहार

**गुना, देशबन्धु।** कुंभराज तहसील के ग्राम भमावद निवासी बुजुर्ग दम्पत्ति ने उनके हिस्से की 4 बीघा जमीन दिलाने की गुहार लगाई है। दम्पत्ति का आरोप है कि उनके भतीजों ने जमीन पर कब्जा कर लिया है। दम्पत्ति कोर्ट से केस जीत गए थे, लेकिन कब्जा लेने के समय पर भतीजे लाठियां लेकर आ जाते हैं और मारपीट पर उतारू हो रहे हैं।

भमावद निवासी गणेशबाई कुशवाह और उनके पति श्रीराम कुशवाह ने कलेक्टर को बताया कि भमावद गांव में उनकी 12 बीघा पैतृक जमीन स्थित है। श्रीराम के मुताबिक वे 3 भाई और एक बहन हैं। बहन ने अपने हिस्से की 3 बीघा जमीन तीनों भाइयों को बराबर देने पर सहमति जताई है, इसलिए श्रीराम के खाते में 4 बीघा जमीन आ रही है। जिसे लेने के लिए वे लम्बे समय से संघर्ष कर रहे हैं। श्रीराम के बड़े भाई के लड़के जमीन हथियाने के लिए खून-खराबे पर उतारू हैं। जब भी श्रीराम जमीन का कब्जा लेने के लिए जाते हैं उनके भतीजे लाठी लेकर आ जाते हैं। बुजुर्ग श्रीराम ने कलेक्टर को बताया कि वे कोर्ट से केस जीत गए थे, लेकिन लालच में डूबे उनके भतीजों ने अपील कर दी और मामला दोबारा कानूनी प्रक्रिया में उलझ गया है। श्रीराम के मुताबिक उनके भतीजों को अच्छी तरह पता है कि कानूनी प्रक्रिया में लम्बे समय बाद उन्हें जमीन मिल जाएगी, लिहाजा मामले को लम्बा खींचने के लिए भतीजों द्वारा प्रकरण उलझाया जा रहा है। श्रीराम और उनकी पत्नि ने कलेक्टर से इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए उन्हें जीवन यापन के लिए उनके हिस्से की 4 बीघा भूमि दिलाने की गुहार लगाई है।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित 1 से 30 मई तक

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा जिला मुख्यालय एवं समस्त विकासखण्ड मुख्यालयों पर 1 से 30 मई तक आयोजित किया जाना है। जिला मुख्यालय पर जिसमें फुटबॉल, एथलेक्टिस, साफ्टबॉल, कराटे, वॉलीवॉल, लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, योगा, मलखम्ब का प्रशिक्षण पुलिस लाईन खेल परिसर में हॉकी खेल का प्रशिक्षण अमर शहीद नारायण खरे स्टेडियम में आउटडोर खेलों का प्रशिक्षण सुबह 5:30 से 7:30 तक दिया जा रहा है। इसी के साथ इन्डोर एक्टिविटी में स्पोकन इंग्लिस, ब्राइडर मांइड, मेंहदी, पेन्टिंग, डॉस एवं जुम्बा का प्रशिक्षण सुबह 9 बजे से पुलिस लाईन परिसर में दिया जा रहा है। उपरोक्तानुसार खेलों एवं इन्डोर एक्टिविटी में 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाना है। जिसमें से प्रतिदिन 800-850 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त करते है। खेलो के उपरांत खिलाड़ियों को जनसहयोग से शुल्पाहार भी कराया जाता है।

ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के मध्य प्रत्येक रविवार को फिट इण्डिया के तहत सण्डे ऑन साईकिल का आयोजन भी किया जा रहा है।

गन्ना की ट्रॉली खाली करने गए थे युवक

# एक्टिवा सवार युवकों को पिकअप वाहन ने टक्कर मारी, 4 घायल

**गुना, देशबन्धु।** ऊमरी रोड पर गन्ने की ट्रॉली खाली करने गए एक्टिवा सवार 4 युवकों को पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में चारों युवकों को गंभीर चोट पहुंची हैं। घायलों का इलाज गुना जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

जानकारी सामने आई है कि गुना निवासी सद्दाम, बंशी, दानिश और राहुल मजदूरी पर गन्ना की ट्रॉली खाली करने के लिए ऊमरी रोड गए थे। हालांकि जिस जगह गन्ने की ट्रॉली खाली करना था, उसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। इसलिए चारों युवकों ने काम करने से मना कर दिया और वापस लौटने लगे। इसी दौरान ऊमरी रोड से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने एक्टिवा पर बैठकर वापस लौट रहे युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। घायल युवकों के मुताबिक पिकअप वाहन दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए रुका, उन्हें लगा कि उनकी मदद करेगा। लेकिन अचानक पिकअप में बैठकर गुना की तरफ रफूचक्कर हो गया। बाद में स्थानीय लोगों ने मदद की और इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चारों की हालत अब सामान्य बताई जा रही है।

### सर्पदंश से बालक और ट्रेन से गिरकर मजदूर की मौत

**गुना, देशबन्धु।** जिले में बीते कुछ घंटों में दो सनसनीखेज घटनाएं सामने आई हैं। जिनमें एक बालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक इमझरा गांव में एक 12 वर्षीय मासूम बालक की सर्पदंश से जान चली गई, वहीं दूसरी घटना मावन रेलवे स्टेशन पर घटित हुई, जहां 12 वर्षीय श्याम रजक अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठा था। इसी दौरान अचानक उसके पैर में सांप ने काट लिया। परिजन पहले तो उसे झाड़-फूंक के लिए गांव के एक व्यक्ति के पास ले गए, लेकिन जब उसकी हालत बिगडने लगी तो उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्भाग्यवश इलाज के दौरान श्याम ने दम तोड़ दिया। श्याम कक्षा 6 का छात्र था और अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। उसकी मौत के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। दूसरी घटना मावन रेलवे स्टेशन पर घटी, जहां नानाखेड़ी निवासी 45 वर्षीय चेतन कुशवाह की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। चेतन मजदूरी के लिए कोटा-बीना पैसेंजर ट्रेन से बीना जा रहे थे। परिजनों के अनुसार चेतन रोजी-रोटी की तलाश में वहां काम करने जा रहे थे, लेकिन मावन स्टेशन के पास संतुलन बिगडने से ट्रेन से नीचे गिर पड़े और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में जांच शुरू कर दी है।

आतंकवाद के खिलाफ की है भारत ने सशक्त कार्रवाई

# ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में सुंदरकांड का किया पाठ

**पलेरा, देशबन्धु।** भारतीय सेना द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई, जिसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर ने देशभर में उत्साह और गौरव की लहर दौड़ा दी है। इस वीरता को नमन करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में पलेरा नगर के गढ़ी धाम मंदिर की शिष्य मंडली द्वारा श्री श्री1008 हरितला सरकार हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।



इस मौके पर जय श्रीराम, भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जीत सौनी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक और सशक्त कार्रवाई का प्रतीक है। यह ऑपरेशन न केवल सेना की ताकत का परिचायक है बल्कि हर भारतीय के लिए गर्व का विषय भी है। मनीष तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की पूजा-अर्चना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी एकजुटता और मनोबल का प्रतीक हैं। जब देश पर संकट आता है, तब जनआस्था और राष्ट्रप्रेम का संगम देश को और मजबूत बनाता है। ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने न केवल आतंकियों को करारा जवाब दिया है, बल्कि देशवासियों के विश्वास और आत्मबल को भी नई ऊंचाई दी है। उन्होंने इस अवसर को देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का पर्व बताया। राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण बीतें मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन भारतीय सेना की शक्ति, सुरक्षा और विजय के लिए समर्पित था, जिसमें सुंदरकांड मंडली के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

# एसडीईआरएफ ने दिया आपात स्थिति में बचाव का प्रशिक्षण

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस लाइन परिसर में सोमवार शाम 5 बजे एसडीईआरएफ की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया गया।

एसपी मनोहर मंडलोई ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम में 18 वर्ष से अधिक आयु के एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, गाइड और सिविल डिफेंस के सदस्य शामिल हुए। स्कूली बच्चे और शहर के आम लोगों ने भी भाग लिया।

भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए डीजीपी के निर्देश पर यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई। प्रतिभागियों को सिखाया गया कि आपात स्थिति में वे खुद को और दूसरों को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं।

यातायात प्रभारी कैलाश पटेल ने जानकारी दी कि होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र में हर दिन शाम 4 बजे बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 18 वर्ष से अधिक आयु के लोग इसमें हिस्सा ले सकते हैं।

## सार-समाचार

### रिश्वत, मारपीट के आरोप में टीआई व 2 कांस्टेबल निलंबित

**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले दिनों महाराजपुर थाना प्रभारी टीआई प्रशांत सेन और दो कांस्टेबल पर फरियादी के साथ मारपीट करके उससे 80 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में एसपी अगम जैन ने उन्हें निलंबित कर दिया है। एसपी ने इस मामले की जाँचग के लिए खजुराहो एसडीओपी को जांच के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है दो दिन पहले एक फरियादी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि वह अपनी फरियाद लेकर महाराजपुर थाने गया, वहां थाना प्रभारी प्रशांत सेन ने शिकायत सुनने के बजाय दो कांस्टेबलों के साथ मिलकर मारपीट की। बाद में 80 हजार रुपये की रिश्वत लेकर उसे छोड़ा गया। एसपी श्री जैन ने बताया मारपीट और रिश्वत लेने की शिकायत मिली थी। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर थाना प्रभारी प्रशांत सेन सहित दो आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### वाहन की टक्कर से मासूम की मौत

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम अक्टौंहा में दो वर्षीय बच्ची की तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक अक्टौंहा निवासी कालीचरण कुशवाहा की बेटी हिमांशी कुशवाहा अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। परिजन तुरंत बच्ची को अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने हिमांशी को मृत घोषित कर दिया। बच्ची का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया जा रहा है। हिमांशी की मौत से उसके परिवार और गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### समर कैंप का समापन, प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**खजुराहो, देशबन्धु।** सांदीपनि विद्यालय राजनगर में आयोजित समर कैंप का मंगलवार को समापन किया गया। मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य सुश्री अमलेश पटेल ने कहा समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला, वहीँ कौशल विकास की विभिन्न विधाओं में भी नए अनुभव प्राप्त किए हैं। यह आयोजन शिक्षा विभाग की नई सोच और नवाचार की सराहनीय पहल है। प्रतिभागियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, सामूह नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति दी। बता दें कि शिक्षक अनुभा नामदेव, जितेन्द्र कुमार शुक्ला, नीरज गोस्वामी के निर्देशन में समर कैंप में बच्चों द्वारा तैयार की गई चित्रकला एवं स्केचिंग की कलाकृतियां प्रदर्शन के लिए बोर्ड पर सजाई गई, जिन्हें सभी ने सराहा। कार्यक्रम में हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा एमपी बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रावीण्य सूची में चयनित विद्यार्थियों में कक्षा 10वीं से नरेंद्र पटेल, सोमश्री तिवारी, सोनाली सोनी, कक्षा 12वीं कला से पप्पू यादव, फूलकुंवर यादव, अनिल प्रजापति, 12वीं जीवविज्ञान से सौरभ राज अहिरवार, दिव्यांशी सोनी, आयुष मालाकार और कक्षा 12वीं गणित से माधुरी मिश्रा, मयंक पटेल, अविरल दीक्षित को को प्रशस्ति पत्र व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपक कुमार द्विवेदी और घनश्याम दास शिवहरे ने किया।

### बच्चे सीख रहे योग, नृत्य और कला

**छतरपुर, देशबन्धु।** गांधी आश्रम में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन सुबह 6:30 से 10:30 बजे तक बच्चों को योग, ड्राइंग, डांस, संगीत, नाटक और अन्य गतिविधियों से शारीरिक और मानसिक विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कैंप 30 मई तक चलेगा। कैंप में बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे महेंद्र तिवारी ने बताया कि वर्ष 2005 से गांधी आश्रम में हर साल यह समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। वह पिछले दो वर्षों से इससे जुड़े हैं। कैंप में बच्चों को योग, डांस, क्राफ्ट, पेंटिंग और अन्य रचनात्मक गतिविधियां सिखाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस कैंप और गांधी आश्रम से प्रशिक्षित कई बच्चे आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कैंप में शामिल बच्चे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। आयोजन को लेकर स्थानीय अभिभावकों और बच्चों में खासा उत्साह है। यह कैंप बच्चों की गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक और उपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा रहा है।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर देखीं व्यवस्थाएं

# आपातकालीन तैयारियों की जांच के लिए जिला अस्पताल में की मॉकड्रिल



**रायसेन, देशबन्धु।** सिविल डिफेंस प्लान के तहत आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित उपचार की तैयारियों की जांच हेतु जिला अस्पताल में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे की उपस्थिति में मॉकड्रिल की गई। जिसमें एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां त्वरित रूप से उपचार प्रारंभ किया गया। एम्बुलेंस जिला अस्पताल पहुंचते ही अस्पताल स्टाफ तुरंत स्ट्रेचर लेकर एंबुलेंस के पास पहुंचे और घायलों को स्ट्रेचर पर लिटाकर आईसीयू में भर्ती किया। डॉक्टर्स और नर्स भी तत्काल आईसीयू में पहुंचे। यहां मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपचार प्रारंभ किया गया। मॉकड्रिल के उपरांत कलेक्टर श्री विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डे द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण कर ओपीडी, सीटी स्कैन, पैथोलॉजी यूनिट और आईसीयू की व्यवस्थाएं देखीं। साथ ही मरीजों के वार्ड में जाकर मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उपचार के बारे में भी पूछा। सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री और सिविल सर्जन डॉ अनिल ओढ़ द्वारा आपातकालीन तैयारियों की जानकारी दी गई।

# निर्माणाधीन नाले की सड़क पर डली मिट्टी से दुर्घटनाओं का खतरा



**सांची, देशबन्धु।** भीषण गर्मी से कुछ राहत देने वाली बेमौसम बारिश अब सांची नगर के लिए एक नई मुसीबत बन गई है। नाले निर्माण कार्य के चलते सर्विस रोड पर फैली मिट्टी बारिश के कारण फिसलन का कारण बन रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर के प्रमुख इलाकों में चल रहे नाले निर्माण की खुदाई से निकली मिट्टी को अनुचित तरीके से सर्विस रोडों पर ही फैला दिया गया है। परिणाम स्वरूप, बारिश के दौरान ये सड़कें कीचड़ से लथपथ हो जाती हैं, जिससे दुपहिया व चार पहिया वाहनों का चलना बेहद मुश्किल हो गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस स्थिति की जानकारी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। नगर प्रशासन की उदासीनता विश्व विख्यात ऐतिहासिक स्थल सांची की छवि को धूमिल कर रही है। लोगों का कहना है कि अगर तेज बारिश हुई तो सर्विस रोड की मिट्टी बहकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी पहुंच सकती है, जिससे बड़े पैमाने पर हादसे हो सकते हैं। इसके बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भी इस संभावित खतरे से बेखबर नजर आ रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से सर्विस रोड से मिट्टी हटाई जाए और नाले निर्माण कार्य के दौरान निकलने वाली मिट्टी के निपटान के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित व्यवस्था की जाए।

# जनसुनवाई: कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं का किया निराकरण

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में प्रति मंगलवार की भांति आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकृत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक शीघ्र निराकरण करें। जनसुनवाई में प्राप्त अधिकांश आवेदन पीएम आवास, अतिक्रमण, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, आर्थिक सहायता, विद्युत सहित योजनाओं के लाभ से संबंधित थे। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई में शामिल हुए।



# उज्जैन का तस्कर कर रहा था मादक पदार्थ की तस्करी, गिरफ्तार



**देवास, देशबन्धु।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए एक उज्जैन निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 14 ग्राम से ज्यादा ड्रग्स जब्त की है। दरअसल पुलिस अधीक्षक देवास के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों के विरूद्ध मिशन स्तर पर सख्ती से कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में शहर अंतर्गत निरन्तर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों की धड़पकड़ हेतु निरन्तर संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी जा रही है। इसी तारतम्य में सोमवार को थाना नाहर दरवाजा पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति इन्दौर-भोपाल बायपास गुजरात ढाबे के पीछे कच्चे रास्ते तरफ अवैध मादक पदार्थ लेकर खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर से तत्काल थाना प्रभारी नाहर दरवाजा मय फोर्स के मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचे जहां उक्त हुलिये का व्यक्ति दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम अमन पिता शाकिर कुरैशी उम्र 22 साल निवासी लोहे पुल कोट मोहल्ला जिला उज्जैन बताया। आरोपी के पास से एम.डी.(मेफेड्रोन ड्रग) 14.7 ग्राम एवं एक काले लाल रंग की बजाज पल्सर मोटर सायकल जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी उज्जैन में आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है।

वृंदावन धाम-1 कॉलोनी के रहवासी सीवरेज एवं जलभराव से त्रस्त

# कलेक्टर के पास पहुंचकर बताई समस्या



**देवास, देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 2 वृंदावन धाम 1 कॉलोनी के रहवासी सीवरेज एवं कॉलोनी गेट पर जलभराव की समस्या को लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष आवेदन लेकर पहुंचे। रहवासियों ने बताया कि वृन्दावन धाम 1 कालोनी वार्ड 2 में सीवरेज लाइन की समस्या गत 5 वर्षो से बनी हुई है। जिसका आज दिनांक तक कोई हल नहीं निकला है। जिसके कारण पूरी कालोनी की सड़कों पर सीवरेज का गन्दा पानी वर्षा ऋतु में बहता रहता है, जिसके कारण बीमारियों का प्रकोप वर्षभर बना रहता है, गन्दा पानी खाली प्लाट में भरा रहता है। पूरी कालोनी के चैम्बर फूटे और लीकेज हो गए है। इसके संबध में कई बार नगर निगम के अमले को अवगत कराया गया, किन्तु इस पर कोई कार्य नहीं किया गया, सीवरेज लाइन फुट जाने से कालोनी के निवासियों का जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। छात्रो को विद्यालय जाने में समस्या आ रही है। इसके अतिरिक्त वृन्दावन धाम 1 कालोनी गेट के दोनों तरफ पक्का निर्माण होने के कारण थोडी सी बारिश में गेट के रोड पर घुटने-घुटने तक पानी भर जाता है। जिसके कारण कॉलोनीवासियों को आने-जाने में बहुत परेशानी आ रही है।

कई बार लोग वाहन से गिर जाते है। वहीं पैदल निकलना मुश्किल हो गया है। यदि इन समस्या का शीघ्र हल नहीं किया गया तो कॉलोनीवासियों द्वारा नगर निगम के बाहर उग्र आन्दोलन किया जायेगा। रहवासियों ने मांग की है कि सीवरेज की समस्या एवं जल निकासी की समस्या का स्थाई हल निकाले। रहवासियों की समस्या सुन कलेक्टर ने जनसुनवाई में बैठे नगर निगम के अधिकारी को तुरंत बुलाया और समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित थे।

# सिविल वॉलंटियर्स को प्रशिक्षण की दी उपयोगी जानकारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला कार्यालय होमगार्ड में मंगलवार को 80 (एनसीसी के 50 कैडेट्स सम्मिलित) सिविल डिफेंस वॉलंटियर का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

विनीत तिवारी प्लाटून कमांडर एवं एसडीईआरएफ टीम तथा मास्टर ट्रेनर्स ने कई जानकारियां दीं। वालेंटियर को हवाई हमले के दौरान बचाव कार्य रेड एवं ग्रीन सायरन, ब्लैकआउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, नागरिक सुरक्षा की 12 महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी गई। विक्टिम को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने की विधि, आग की जानकारी एवं फर्स्ट एड, सीपीआर, स्ट्रेचर, ब्लीडिंग को रोकना आदि विषयों के संबंध में बताया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित सीडी वालेंटियर्स को अधिक से अधिक नए वालेंटियर जोड़ने के लिए समझाइश देने हुए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में नायक सूबेदार सत्यपाल परमार एवं स्वर्णसिंह, सीटीओ डॉ. नीरज निरंजन शासकीय कन्या पीजी कॉलेज उपस्थित रहे।

# विलुप्त हो रही सिंघाड़ी नदी, जिम्मेदार बेखबर

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर की प्राचीन धरोहर सिंघाड़ी नदी सही तरीके से देखरेख न होने से विलुप्त होने की कगार पर है। इससे जिम्मेदार बेखबर हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका ने सफाई के नाम पर केवल मशीनें रखी हैं, लेकिन वास्तव में कोई सफाई कार्य नहीं हो रहा। नदी की गंदगी और जल संरक्षण की अनदेखी को लेकर समाजसेवियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्राहक पंचायत के शैलेंद्र मिश्रा का कहना है कि सिंघाड़ी नदी को संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। इसे स्वच्छ और सुंदर बनाकर अगली पीढ़ी को सौंपना होगा। लापरवाही के कारण नदी गंदगी से पट गई है। लोगों का कहना है नगर पालिका ने नदी की सफाई के लिए मशीनें तो रखीं लेकिन नियमित सफाई न होने से लापरवाही उजागर हो रही है। नदी में कचरा, मलबा और गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे पर्यावरण और जल स्रोत को नुकसान पहुंच रहा है। नदी की सफाई के लिए ठोस कदम उठाए और जल संरक्षण के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई जाए।लोगों ने चेतावनी दी कि यदि नगर पालिका ने जल्द ही नदी की सफाई और संरक्षण के लिए कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन छेड़ दिया जाएगा।

# सीबीएसई के परिणामों में छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन



**छतरपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए। इस वर्ष 42 लाख से अधिक छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें से 93.60 प्रतिशत छात्रों ने 10वीं और 87.98 प्रतिशत छात्रों ने 12वीं की परीक्षा पास की है। छतरपुर के महर्षि विद्या मंदिर में परिणामों की घोषणा के बाद उत्साह का माहौल रहा। छात्रों का मुंह मीठा कराके खुशी मनाई गई। महर्षि विद्या मंदिर की 12वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कुल 93 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 13 ने 90 प्रतिशत से अधिक, 14 ने 80 प्रतिशत से अधिक, 24 ने 70 प्रतिशत से अधिक, और 31 ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। सौम्या दुबे ने 96.8 प्रतिशत अंकों से शीर्ष स्थान हासिल किया है। अनामिका पाठक ने 95.6 प्रतिशत अंक पाए हैं। इसी तरह 10वीं कक्षा में 193 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 36 ने 90 प्रतिशत से अधिक, 53 ने 80 प्रतिशत से अधिक, 42 ने 70 प्रतिशत से अधिक, और 34 ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। नैतिक खरे ने 97.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अर्चिशा गुप्ता ने 97 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा स्थान पाया है। प्राचार्य श्री शर्मा ने कहा कि विद्यालय के अधिकांश छात्रों का 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होना स्कूल की शिक्षण पद्धति की सफलता को दर्शाता है। उन्होंने विद्यार्थियों के अथक परिश्रम और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की।

### अस्मिता रिछारिया ने हासिल किए 97.5 फीसदी अंक



शहर के डीसेंट इंग्लिश स्कूल की छात्रा अस्मिता रिछारिया ने 12वीं कक्षा में 500 में से 487 अंक (97.5 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अस्मिता, पत्रकार जितेंद्र रिछारिया की बेटी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल और परिवार में खुशी का माहौल है।

# आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए करें तैयारियां: कलेक्टर



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर जिले मेंआपातकालीन स्थिति से निपटने व को सुरक्षात्मक रूप से तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में एसपी अगम जैन, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एएसपी विदिता डागर, एसडीएम अखिल राठौर, डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह, सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता, होमगार्ड, एनसीसी आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य ब्लॉकों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित पुलिस अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ आवश्यक कार्ययोजना तैयार करें। आमजन तक सूचनाएं शीघ्रता से पहुंचाने के लिए नगरीय निकायों द्वारा सार्वजनिक घोषणा के लिए सायरन की व्यवस्था करें। 24 घंटे कार्यरत नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका उपयोग त्वरित सूचना प्रसारण एवं समन्वय के लिए किया जाएगा। उन्होंने होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस के स्वयं सेवकों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि आपातकाल की संभावित स्थिति में सुरक्षित आश्रय स्थलों की पूर्व से पहचान कर, वहां जल एवं विद्युत सुविधाओं सहित न्यूनतम रहने योग्य व्यवस्था की जाए। सभी संवेदनशील स्थलों का सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य रूप से किया जाए। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिए गए कि आपातकाल में अस्थायी अस्पतालों की स्थापना की जाए। जल संसाधन विभाग को बांध संरचनाओं की जांच तथा लोक निर्माण विभाग को पुलों की सुरक्षा के निर्देश दिए गए हैं।

**एसपी ने दिए सुरक्षा के कड़े इंतेजाम के निर्देश:** पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने, सभी आवश्यक संसाधनों को तत्पर रखने एवं एयरपोर्ट स्टॉफ के साथ सुरक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सोशल मीडिया की सतत निगरानी कर भ्रामक सूचनाओं के प्रचार को रोकने हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। सिम कार्ड विक्रेताओं द्वारा उचित केवाईसी प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच कराए।

### एमसीबीयू में प्रवेश प्रक्रिया आज से, ऑनलाइन भरे जाएंगे आवेदन

छतरपुर, देशबन्धु। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में नवीन सत्र 2025-26 के लिए प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 14 मई से शुरु होगी। इसमें छात्र विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों के स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, तीनों संकायों वाणिज्य, कला और विज्ञान के स्नातक प्रथम वर्ष, यूजी-पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठयक्रम में प्रवेश ले सकेंगे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डा सुमति प्रकाश जैन ने बताया विभिन्न अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदकों को ऑनलाइन लिंक से पंजीयन के बाद पाठ्यक्रमों का चयन कर एक साथ अधिकतम 7 पाठ्यक्रमों की वरीयता लॉक करनी होगी। बताया गया है पंजीयन के लिए आवेदक को फोटो, हस्ताक्षर, 10वीं और 12वीं की अंकसूची, निवास व जाति प्रमाणपत्र यदि लागू हो तो उसकी मूल प्रति की स्कैन कॉपी अपलोड करना होगी। वरीयता लॉक करने के बाद पंजीयन शुल्क एवं पोर्टल शुल्क ऑनलाइन जमा कराना होगा।

## सार समाचार

### मीटर रीडर के साथ दुकानदार ने की मारपीट, मामला दर्ज



**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** कस्बा में आज मंगलवार की सुबह 11 बजे बिजली वितरण केंद्र दिगौड़ा के मीटर रीडर के साथ कस्बा के एक दुकानदार द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। मीटर रीडर ने अन्य बिजली कर्मचारियों के साथ पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। बिजली केंद्र दिगौड़ा के मीटर रीडर हरिशंकर कुशवाहा 24 साल निवासी नादिया ने बताया है कि वह बिजली वितरण केंद्र दिगौड़ा में मीटर रीडर के पद पर कार्य करता है। आज सुबह करीब 11 बजे के कस्बा के मुख्य बाजार में गोलू केवट की दुकान के मीटर की रीडिंग लेने गया तो वहां पर गोलू केवट के द्वारा उसके साथ लड़ाई झगड़ा किया गया व उसके साथ मारपीट की गई है। इस घटना में उसको चोटें आ गई। घटना के बाद पीड़ित हरिशंकर बिजली कार्यालय पहुंचा और अन्य बिजली कर्मचारियों के साथ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सैल सागर चौराहा पर आधा घंटा लगा रहा जाम



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के सैल सागर चौराहे पर सोमवार शाम 7.45 बजे जाम लग गया। यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई। चौराहे के चारों रास्तों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थानीय निवासी रमेश जैन के अनुसार, चौराहे पर एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी की नियमित तैनाती है। शाम के समय बाजार में भीड़ बढ़ने के कारण जाम की स्थिति बन गई।पुलिस कर्मी की अनुपस्थिति में लोग मनमाने ढंग से वाहन चलाने लगे। इससे जाम की स्थिति और बिगड़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने वाहनों को निकालने का प्रयास किया।

लोगों ने कहा कि मुख्य बाजार में चारपहिया के प्रवेश पर रोक लगे शहर के मुख्य बाजार की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं। लेकिन इन योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों का सुझाव है कि मुख्य बाजार में चार पहिया वाहनों और टैक्सियों का प्रवेश रोका जाए। साथ ही सड़क किनारे लगने वाली दुकानों और हाथ ठेलों को भी हटाया जाए।

### अज्ञात कारणों से खेत में लगी आग, दमकलों ने पाया काबू



**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विघा में मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे अज्ञात एक किसान के बेड़ा में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस घटना में किसान का भूसा, एक भैंस सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। स्थानीय लोगों व पुलिस की सहायता से फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

विघा गांव के किसान खिलन यादव ने बताया है कि आज दोपहर को अज्ञात कारणों से उनके बेड़ा में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग भूसा में फैल गई। इस घटना में किसान की एक भैंस सहित भूसा व किसानी का अन्य सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में किसान को करीब 50 से 60 हजार रुपए का नुकसान हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एएसआई मुन्नालाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड ने स्थानीय लोगों व पुलिस की सहायता से बेड़ा में लगी हुई आग पर काबू पाया गया।

### आवास दिलाने, सीमांकन, बंटवारा आदि के 152 आवेदन आए, 45 का मौके पर ही निराकरण

# जनसुनवाई: कलेक्टर ने जिला अधिकारियों के साथ पहुंचकर सुनीं समस्याएं





**सिरोंज, देशबन्धु।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता मंगलवार को सिरोंज में आयोजित जनसुनवाई में शामिल हुए और आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 152 आवेदकों ने अपनी समस्याएं बताई जिसमें से मौके पर ही 45 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर समयावधि में कार्रवाई कर जन अकांक्षा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता की उपस्थिति में नवीन आजीविका भवन में हुई जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन आवास दिलाने, सीमांकन बटांकन, बंटवारा कराने, रास्ता दिलाने, रिकॉर्ड दुरूस्त कराने, निकाय क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने, आर्थिक सहायता दिलाए जाने, हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित कराने, निर्माण कार्य कराए जाने, राशन दिलाने, सड़कों के शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के प्राप्त हुए थे।

जनसुनवाई स्थल पर बैंक द्वारा बीमा कराने की प्रक्रिया से जागरूक किया गया वहीं मौके पर दस हितग्राहियों के बीमा फार्म भरवाने का कार्य भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां भी प्रदाय की गई हैं। जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों से संवाद कर संबंधित विभागों के अधिकारियों तक पहुंचाकर निराकरण की पहल भी की गई।

**ई-केवाईसी**

जनसुनवाई में राशन कार्ड धारकों की समस्यायों के निराकरण हेतु विभाग के माध्यम से विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। राशन नहीं मिलने की शिकायतों के वास्तविक कारणों का परीक्षण मौके पर किया जा रहा है। इस दौरान 11 आवेदकों के द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराने के कारण राशन नहीं मिलना पाया गया इन सभी का विभाग के माध्यम से ई-केवाईसी कार्य मौके पर जनरेट कराया गया है। स्कूल शिक्षा से संबंधित दो आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से एक छात्रवृत्ति दिलाए जाने का तथा दूसरा उर्दू शिक्षक की व्यवस्था कराए जाने से संबंधित था। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, डिप्टी कलेक्टर व जनसुनवाई कार्यक्रम के नोडल अधिकारी संतोष बिटोलिया के साथ-साथ विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, स्थानीय एसडीएम हर्षल चैधरी समेत खंड स्तरीय विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

**बस से पहुंचे जिलाधिकारी**

कलेक्टर श्री गुप्ता द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रमों के तहत किए जा रहे नवाचारों के अंतर्गत सिरोंज में आयोजित जनसुनवाई में कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए विदिशा जिला मुख्यालय से बस की व्यवस्था की गई थी। विदिशा जिले में पदस्थ विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर से बस में बैठकर सिरोंज में आयोजित जनसुनवाई के लिए रवाना हुए थे।

**कलेक्टर ने लिया सड़क एवं स्कूल भवन निर्माण कार्य का जायजा**

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सिरोंज में जनसुनवाई के उपरांत भ्रमण कर सिरोंज से लटेरी बायपास सड़क मार्ग के लिए प्रस्तावित रुट तथा शासकीय सांदीपनि स्कूल सीएम राइज के भवन निर्माण हेतु आवंटित भूमि और निर्माण कार्य के नक्शे अनुसार संपादित कार्य की जानकारी मौके पर पहुंचकर निर्माण एजेंसी से ली। एसडीएम हर्षल चैधरी ने प्रस्तावित बायपास सड़क मार्ग और स्कूल भवन के निर्माण लिए की जा रही तैयारियों की जानकारियां सांझा की है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी साथ मौजूद रहे।

# राजश्री महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**आष्टा, देशबन्धु।** राजश्री कॉलेज ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज में प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय में रखा गया था। जिसमें आष्टा के साथ कालापीपल, शुजालपुर व जावर तहसील के शासकीय व अशासकीय स्कूलों के लगभग 2500 बच्चे प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल हुए थे। राजश्री महाविद्यालय में प्रतिभा खोज परीक्षा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभागियों के साथ पालकों ने भी कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज संचालक बीएस परमार व राकेश परमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पित कर व दीप प्रज्वलित कर लिया गया। दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के बाद सरस्वती वंदना की गई।

सरस्वती वंदना के बाद महाविद्यालय संचालक बीएस परमार का स्वागत राकेश परमार द्वारा किया गया। प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विकास मेवाडा सामरदा को लैपटॉप दिया गया। निखिल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिनको पर्सनल कंप्यूटर दिया गया।

तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली अनुषा मेवाड़ा को पुरस्कार के रूप में एलईडी टीवी दी गई। अर्पित सोलंकी को चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर स्मार्टफोन दिया गया। पंचम स्थान प्राप्त करने वाली उर्मिला मेवाड़ा को भी स्मार्टफोन दिया गया। नितिन परमार नकुल प्रजापति पायल, रिंकू गोयल व अंजलि परमार को क्रमशः षष्ठम से दस तक स्थान प्राप्त करने पर साउंड सिस्टम दिया गया।

कार्यक्रम का आभार महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय संचालक बीएस परमार, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, राकेश परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, सविता बैरागी, प्रहलाद मेवाड़ा, रामवती मेवाड़ा, पुष्पा मेवाड़ा, राहुल सेन, द्वारका प्रसाद कर्मोदिया, पूजा मेवाड़ा, अखिलेश सक्सेना, पूजा परमार, माया मेवाड़ा, कविता भूतिया, ममता तिवारी, हिमांशी झवर, मनोहर लाल, विनोद मीणा, ओम प्रकाश मेवाड़ा, रवि मेवाड़ा, बहादुर सिंह, शिवराम परमार, अरविंद यादव रीना यादव पालकगण व महाविद्यालय विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शराब पीकर मोटरसाईकिल चलाने पर न्यायालय ने किया 16 हजार का जुर्माना



**आष्टा, देशबन्धु।** पुलिस ने शराब के नशे में मोबाइल पर बात करते हुए मोटरसाइकिल चालक अनिल मेवाड़ा पिता रमेशचंद्र मेवाड़ा निवासी ग्राम गुराडिया रूपचंद के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मोटर साइकिल को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायाधीश ने मोटर साइकिल चालक सुनील पावर के विरुद्ध 16000 रूपए का जुर्माना कर वसूला गया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों को पालन करे। विशेष भूमिका निरीक्षक गिरीश दुबे, उपनिरीक्षक अविनाश भोपले, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह आदि जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# घेराबंदी कर आरोपी से मोटरसाईकिल सहित सागौन की लकड़ी जब्त



**आष्टा, देशबन्धु।** डीएफओ मगन सिंह डाबर के निर्देश पर बनाई गई टीम एसडीओ एलविन बर्मन के मार्गदर्शन में रेंजर नवनीत झा अपनी टीम के साथ जंगल की सुरक्षा एवं वनभूमि की रक्षा के लिए 24 घंटे लगे हुएं हैं।

और श्री झा द्वारा लगातार वन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही भी की जा रही है। दूसरी रात भी टीम ने एक मोटरसाईकिल सहित सागौन की लकड़ी जब्त की।

वहीं घेराबंदी कर आरोपी को भी गिरफ्तार किया। रेंजर नवनीत झा ने बताया कि जंगल से श्यामपुरा की ओर सागौन की लकड़ी के साथ मोटरसाईकिल आ रही थी तभी उसका पीछा किया और घेराबंदी कर पकड़ा। मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 41 बीबी 6462 के साथ 10 नग सागौन के चरपट जब्त किए। साथ में आरोपी संजय पिता बलराम बरेला निवासी रूपकुंड श्यामपुरा को पकड़ा लकड़ी और मोटरसाईकिल की कीमत 16500 आंकी गई। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 42204/17 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। इस महत्वपूर्ण सफलता में रेंजर नवनीत झा,डिप्टी रेंजर श्रीमति रजना भालकर, रमेश चन्द्र गहरवाल, वन रक्षक जितेन्द्र सिंह ठाकुर, फेजल बर्नी, कपिल यादव, चंचल चंदेल, देवेन्द्र नायक, राहुल परमार, हुकुम सिंह परमार, प्रदीप मलोठिया, कैलाश वर्मा, आदि वन कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मंत्री विजयवर्गीय के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल



**आष्टा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय का जन्मदिन यूं तो अक्षय तृतीया को मनाया जाता है।

किंतु दिनांक के हिसाब से उनका जन्मदिन 13 मई को है। इसी के चलते उनके समर्थक नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां द्वारा अपने चहेते नेता के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सिविल अस्पताल अपने साथियों के साथ पहुंचकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को स्वल्पाहार के रूप में फल, बिस्किट व दूध वितरित किया गया।

स्वल्पाहार पाते हुए मरीजों ने हर्ष व्यक्त कर मंत्री श्री विजयवर्गीय के दीर्घायु जीवन की कामना की और एक-दूसरे को जन्मदिन की बधाई भी दी। इस अवसर पर पार्षद डॉ. सलीम खान, अरशद अली, मिर्जा फारूख, सहित बड़ी संख्या में समर्थकगण मौजूद थे।

# भाजपा मंडल दिगौड़ा की कार्यकारिणी घोषित



**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** पृथ्वीपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले दिगौड़ा मंडल की भाजपा कार्यकारिणी की घोषणा की जा चुकी है।

भाजपा मंडल महामंत्री शिवेश मिश्रा ने बताया कि भाजपा की पृथ्वीपुर विधानसभा की दिगौड़ा मंडल की 62 लोगों की मंडल कार्यसमिति व कार्यकारिणी निवाड़ी जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश पटेरिया की सहमति से भाजपा कार्यालय में 8 मई को घोषित कर दी गई। भाजपा कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के लोगों ने दिगौड़ा मंडल अध्यक्ष रामपाल घोष को उनकी नई कार्यसमिति के लिए बधाई दी गई व सभी ने मिलकर संगठन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

नई कार्यसमिति में मंडल पदाधिकारी के रूप में महामंत्री के पद पर शिवेश मिश्रा बिजरावन, मंजू लुहारिया दिगौड़ा, उपाध्यक्ष के पद पर रूपेश श्रीवास्तव दिगौड़ा, मुकेश दांगी पूनोल, रामरतन अहिरवार रमपुरा, ममता गोविंद सिंह घोष बछोडा, प्रताप सिंह ठाकुर खरोई, मंत्री के पद पर ममता प्रतिपाल घोष बर्माडांग, आरती दीपक विश्वकर्मा पनयारा खेरा, छोटेलाल अहिरवार उत्तरी कारी, उमा रामबगस केवट बछोडा, अंकुर जैन दिगौड़ा, सौरभ पुरोहित धामना, कोषाध्यक्ष रतीराम केवट दुशयारा, मीडिया प्रभारी सुनील पाल उत्तरी कारी, सह मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र सिंह घोष बर्मामांझ, आईटी सेल प्रभारी रविन्द्र चढ़ार पूनोल, कार्यालय मंत्री राजीव घोष बछोडा और सह कार्यालय प्रभारी पीयूष केवट दिगौड़ा को बनाया गया।

### *गर्मी से राहत मिली , क्षेत्र का अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा*

# मई माह में बारिश ने तोड़ा रिकॉर्ड, फिजा में घुली ठंडक



**आष्टा, देशबन्धु।** लगातार हो रही आंधी तूफान बारिश के चलते क्षेत्र में चारों ओर पानी ही पानी हो गया। शायद ही पिछले 10 दिनो में कोई दिन गया होगा की बूंदा बांदी या फिर तेज बारिश ना हुई हो। मंगलवार को दोपहर बाद फिर जमकर एक घंटे से अधिक समय तक कभी तेज तो कभी धीमी के साथ बारिश होती रही। जिससे एक बार फिर सड़कों से लेकर खेतों में तक पानी भर गया। बारिश के चलते फिर नगर सहित क्षेत्र में ठंडक घुल गई। आष्टा क्षेत्र में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया और झमाझम बारिश हुई। बारिश का पानी सड़कों पर बह निकला। बता दें कि एक हफ्ते से वैसे तो क्षेत्र का मौसम बदला हुआ है। शाम ढलते ही हवा आंधी के साथ शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश हो रही है। मंगलवार को दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और बारिश शुरू हो गई । इधर रिमझिम बारिश से मौसम भी खुशनुमा हो गया और गर्मी से राहत मिली क्षेत्र का अधिकतम तापमान 34 डिग्री न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा।

**सड़कों से लेकर खेतों तक में भरा पानी**

मई माह के गर्मी के मौसम में इस बार लोगों को बारिश देखने को मिल रही है। लगातार एक हफ्ते से क्षेत्र में दोपहर बाद मौसम बदलता है। और कहीं ना कहीं बारिश होती है। आज भी एक घंटे की बारिश में शहर की कई सड़कों पर पानी भर गया। बारिश तेज होने के कारण खेतों में भी पानी भर गया। सबसे ज्यादा पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर दरगाह के सामने और जेके हॉस्पिटल के सामने बुधवारा रोड, कसाईपुरा चौराहा, आदि जगहों पर पानी भर जाने से आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठाना पड़ी। यहां पर बारिश के पानी से जानलेवा गड्ढे भी हो गए हैं। अभी तक प्रशासन ने सड़क की मरम्मत नहीं कराई है। भूपोड़ निवासी राजकुमार परमार ने बताया कि आधे घंटे से अधिक समय तक आंधी तूफान चली और अधिक बारिश हुई। जिसके कारण खेतों में पानी भरा गया। वहीं खेतों में पड़े प्याज भी गीले हो गए। चारों ओर बारिश जैसा मौसम था। और सब तरफ पानी ही पानी भरा था।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# विमुक्त और घुमन्तु समुदाय की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें



- पुनर्वास कार्यों को दें प्राथमिकता
- वक्फ सम्पत्तियों के डिजिटलाइजेशन में मध्यप्रदेश बन रहा है मॉडल

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदायों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें। समुदाय के अनेक विद्यार्थियों ने लोक सेवा आयोग जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में इनका निवास है। इनकी पुरानी पृष्ठभूमि अथवा पूर्व धारणा के आधार पर इन जातियों के सभी लोगों को अपराधी ना माना जाए। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में भी जातिगत संबोधन से संबोधित ना किया जाए। अपराधियों की जानकारी में जातियों का उल्लेख नहीं किया जाए। इस तरह की असम्मानजनक शब्दावली से बचा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन में विभाग की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए।

बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग के संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, आयुक्त अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण सौरभ सुमन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला स्तर पर पुलिस प्रशासन द्वारा इन जातियों के ऐसे लोगों को अपराधों से विमुख करने के लिए प्रयास किया जाए जो विभिन्न कारणों से अपराधों से जुड़ जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजगढ़ जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा सांसी जाति के कल्याण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने विभिन्न छात्रवृतियों की राशि शैक्षणिक सत्र के दौरान ही वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विभागीय मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि प्रदेश में पहली बार अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में मेस संचालन शुरू होगा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि दिल्ली छात्र गृह योजना में वर्तमान में स्वीकृत 50 सीट की वृद्धि कर 150 सीट किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने बताया कि प्रदेश की वक्फ समितियों का डिजिटलाइजेशन राजस्व विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश वक्फ समितियों के डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्यों में मध्यप्रदेश मॉडल के रूप में कार्य कर रहा है। बैठक में प्रमुख सचिव ई. रमेश कुमार और संचालक नीरज वरिष्ठ ने अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के विद्यार्थियों के लिए छात्रावासों के निर्माण, छात्रवृत्ति राशि के वितरण और अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

# मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिया विवादित बयान

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दिया है। मंत्री शाह के बयान को लेकर राजनीति गर्मा गई है। उनके इस बयान को लेकर जहां कांग्रेस ने जहां आपत्ति जताई है, वहीं भाजपा द्वारा भी इस मामले में उन्हें फटकार लगाने की बात सामने आई है।

दरअसल प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दे डाला। मंत्री शाह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा, जिन आंतकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, उनके कपड़े उतरवाए, उन आंतकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा। मंत्री शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई।

आपको बता दें कि भारत द्वारा पाकिस्तान के आंतकी ठिकानों को तबाह करने के बाद हुए पत्रकार वार्ता में ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने की थी। उनकी इस बयान को लेकर मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मंत्री विजय शाह के बयान पर विपक्ष ने भाजपा के साथ ही आरएसएस को भी घेर लिया है।



## कांग्रेस ने मंत्री पद से हटाने की मांग की

मंत्री शाह के बयान को लेकर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए , प्रधानमंत्री मोदी से मंत्री शाह को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया कि भाजपा की मध्यप्रदेश सरकार के एक मंत्री ने हमारी वीर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में बेहद अपमानजनक, शर्मनाक और ओछी टिप्पणी की है। पहलगाम के आतंकी देश को बांटना चाहते थे, पर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरे 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश एकजुट था। खरगे ने आगे लिखा कि भाजपा-आरएसएस की मानसिकता महिला विरोधी रही है। पहले पहलगाम में शहीद नौसेना अधिकारी की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया। फिर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की बेटी को तंग किया और अब भाजपा के मंत्री हमारी वीरांगना सोफिया कुरैशी के लिए ऐसी अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तुरंत ऐसे मंत्री को बर्खास्त कर देना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी शाह के बयान की कड़ी निंदा की है, उन्होंने कहा कि जब पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, तब भाजपा का एक वरिष्ठ मंत्री इस तरह की घृणित टिप्पणी कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री जहां सेना को सम्मान दे रहे हैं, वहीं उनकी पार्टी का मंत्री किसकी 'बहन' भेजने की बात कर रहा है-क्या यह टिप्पणी आतंकवादियों को लेकर थी? पटवारी ने मांग की कि विजय शाह को तत्काल मंत्री पद से हटाया जाए और भाजपा यह स्पष्ट करे कि यह विचार व्यक्तिगत हैं या पार्टी की सोच को दर्शाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा ने शाह को किया तलब, बोले-

## 10 बार माफी मांगने के लिए तैयार

मंत्री शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा संगठन ने नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल प्रदेश मुख्यालय तलब किया और उन्हें जमकर फटकार लगाई। श्री शाह पहले प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा मिले बाद में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से मुलाकात कर अपनी सफाई पेश की और खेद जताया। सूत्रों का कहना है कि पार्टी इस मामले को गंभीरता से ले रही है, क्योंकि यह सेना और महिला सम्मान से जुड़ा मुद्दा है। पार्टी नेतृत्व नहीं चाहता कि यह विवाद 2023 की तरह बढ़े, जब शाह को एक अन्य विवादित बयान के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। वहीं मीडिया से चर्चा में मंत्री शाह ने कहा कि उनका इरादा किसी का अपमान करने का नहीं था और यदि उनके बयान से किसी को ठेस लगी हो तो वे 10 बार माफी मांगने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वे सेना और कर्नल सोफिया का सम्मान करते हैं। मंच से दिए गए अपने बयान को उन्होंने भावनात्मक प्रतिक्रिया बताते हुए कहा कि यदि उनके शब्दों से किसी धर्म या व्यक्ति को ठेस पहुंची हो तो वह इसके लिए क्षमाप्रार्थी हैं।

# पचमढ़ीवासियों ने मुख्यमंत्री का आभार माना



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी के नेतृत्व में पचमढ़ीवासियों ने मंत्रालय में भेंट की।

उन्होंने पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक करने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुष्प-गुच्छ और पुष्पहार से अभिवादन किया। इस अवसर पर पूर्व साडा अध्यक्ष श्री कमल धूत और श्री नवनीत नागपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि साथ थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में 6 मई को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया था।

## दसवीं कक्षा के परिणाम घोषित

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमएचएसबीएसएचएसई) ने मंगलपवार को दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए। राज्य के सभी नौ क्षेत्रीय बोर्डों- पुणे, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, मुंबई, कोल्हापुर, अमरावती, नासिक, लातूर और कोंकण का परिणाम 94.10 प्रतिशत रहा है जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.71 प्रतिशत कम है।

भाजपा कल से प्रदेश भर में निकालेगी तिरंगा यात्रा, प्रदेश महामंत्री बोले-

# ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे कार्यकर्ता

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को भोपाल जिले की बैठक संपन्न हुई। बैठक को भाजपा के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने संबोधित किया।

श्री सबनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले में शामिल रहे आतंकवादियों को उनकी कल्पना से बड़ी सजा देने और उनके ठिकानों को तबाह करने का जनता से किया वादा पूरा किया है। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान ने नौ आतंकी ठिकानों, 11 एयरपोर्ट, 100 से ज्यादा आतंकियों, 50 सैनिकों और अपना सम्मान खो दिया है। ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को बताने के लिए देश भर में विभिन्न समाज वर्ग के लिए तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता 15 मई से 25 मई तक 10 दिवसीय तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। जिसके अंतर्गत पार्टी हर नागरिक तक पहुंचकर उन्हें ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों के बारे में बताएगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के जरिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत भविष्य में किसी भी आतंकी हमले के जवाब में पुलवामा, उरी और पहलगाम हमले की तर्ज पर सीमा पार के आतंकी संगठनों और उसके आकाओं के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करेगा। जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक 15 मई को रोशनपुरा चौराहे से एमवीएम कॉलेज तक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। आम जनमानस को यह बताएंगे कि भारत-पाकिस्तान के साथ युद्ध नहीं लड़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद सीमा पार आतंकवाद को सीधा और कड़ा जवाब देना है। इस ऑपरेशन के तहत भारत की सेना को बड़ी सफलता मिली। पाकिस्तान के उकसाने वाली कार्रवाई का भी मुंहतोड़ जवाब दिया गया। लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ थी, मगर धारणा यह बन गई कि भारत-पाकिस्तान के साथ युद्ध लड़ रहा है। इस अवसर पर जिला महामंत्री व नगरनिगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, जिला महामंत्री जगदीश यादव, जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय पाटीदार सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष सहित पार्षदगण उपस्थित रहे।




पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।